हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 15 अप्रैल 2025



# पांचवी-आठवी में फेल का सिस्टम नहीं, सभी विषय में अनुत्तीर्ण होने वाले भी देंगे पूरक परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

करीब डेढ़ दशक बाद प्रदेश की स्कूलों में पांचवी एवं आठवी बोर्ड की परीक्षाएं आयोजित की गई। जिले में भी करीबन 25 हजार बच्चे इस बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए। इन परीक्षार्थियों की उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन लगभग पूरा होने की ओर है। ऐसे में अब रिपोर्ट कार्ड तैयार होने लगा है। प्रदेश सरकार के निर्देश अनुसार इन दोनों ही कक्षाओं में छात्रों को फेल नहीं किया जाएगा। सभी विषय में फेल होने वाला बच्चा भी दो महीने बाद आयोजित होने वाली पूरक परीक्षा में बैठ पाएगा।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में 12 साल बाद 5वीं और 8वीं की बोर्ड जैसी केन्द्रीकृत परीक्षा का आयोजन इस साल किया गया है। इससे पहले सत्र 2011-12 तक छात्रों को अपने ही स्कूल में परीक्षा देने की अनुमति नहीं थी, बल्कि उन्हें अन्य स्कूलों में परीक्षा केंद्र आवंटित किए जाते थे, लेकिन इसके बाद से ही इन दोनों ही कक्षाओं में बोर्ड परीक्षा का आयोजन बंद कर दिया गया था। भले ही परीक्षा का आयोजन बोर्ड की तर्ज पर ही किया गया हो, लेकिन इस बार भी आयोजित की गई परीक्षा में किसी भी बच्चे को फेल नहीं करने के निर्देश जारी किए गए हैं। यही कारण है कि मूल्यांकन के बाद फेल होने वाले बच्चों की पूरक परीक्षा ली जाएगी।

## मूल्यांकन का काम लगभग पूरा, माहांत तक परिणाम होंगे घोषित, एक जून से पूरक परीक्षा का आयोजन!

### मूल्यांकन के मिले तीन रुपए

ज्ञात हो जिले में पांचवी में लगभग 13 हजार एवं आठवी कक्षा में 12 हजार बच्चों ने बोर्ड परीक्षा दी है। इनकी उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का काम विकासखंड स्तर पर किया गया। सभी विकासखंड में चार-चार मूल्यांकन केंद्र बनाए गए थे। पांचवी कक्षा की प्रति उत्तर पुस्तिका के लिए दो रुपए एवं आठवी कक्षा के लिए प्रति उत्तर पुस्तिका तीन रुपए का भुगतान शिक्षकों को किया जाएगा। जिले में पांचवी का मूल्यांकन पूरा हो चुका है। जबकि आठवी का मूल्यांकन अगले तीन दिनों में पूरा कर लिया जाएगा।




### 30 अप्रैल को जारी होंगे परिणाम

निर्देश के अनुसार 15 अप्रैल से पहले मूल्यांकन एवं 25 अप्रैल तक अंकसूची तैयार करने का काम पूरा करने कहा गया है। इसके बाद 28 अप्रैल तक अंकसूचियां विकासखंड अधिकारियों के माध्यम से सभी विद्यालयों में भेजा जाएगा। 30 अप्रैल को संस्था प्रमुख द्वारा परिणाम की घोषणा एवं अंकसूची का वितरण किया जाएगा। वहीं मूल्यांकन के बाद भी उत्तर पुस्तिकाओं को अगले तीन महीने के लिए सुरक्षित रखने के निर्देश जारी किए गए हैं।

### जून में होगी पूरक परीक्षा

मिली जानकारी के अनुसार पांचवी और आठवी की बोर्ड परीक्षा में फेल होने वाले विद्यार्थियों को पूरक परीक्षा में बैठाया जाएगा। प्रदेश स्तर पर यह परीक्षा का आयोजन एक जून से करने के निर्देश जारी किए गए हैं। बताया गया कि परीक्षा से पहले फेल होने वाले बच्चों को महीनेभर में ट्रेनिंग भी दी जाएगी। वहीं पूरक परीक्षा में भी यदि कोई परीक्षार्थी फेल हो जाता है तो उसे अनुत्तीर्ण करने की जगह अगली कक्षा में प्रवेश दे दिया जाएगा।

## शराब माफियाओं का बड़ा नेटवर्क, फैक्ट्री मालिक गिरफ्तार

# इंदौर से शराब और दिल्ली से बोतलों के ढक्कन की सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ में अवैध शराब के गोरखधंधे के तार अब दिल्ली से भी जुड़ रहे हैं। डोंगरगढ़ के करवारी स्थित फार्म हाउस में चल रहे अवैध बाटलिंग यूनिट में शराब की बोतलों में लगने वाले केप की सप्लाई दिल्ली से होती थी। अवैध शराब का नेटवर्क ध्वस्त करने में जुटी पुलिस ने शराब के ढक्कन की सप्लाई करने वाले फैक्ट्री मालिक को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है, वहीं इंदौर से शराब लोड कर यहां लाने वाले कंटेनर के ड्राईवर को भी गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि डोंगरगढ़ पुलिस ने पिछले 29 मार्च को करवारी-लतमर्रा गांव के समीप स्थित रोहित नेताम के फार्म हाउस में दबिश देकर 27 लाख 32 हजार रुपए की अवैध शराब जब्त की थी। फार्म हाउस में तलाशी अभियान के दौरान एक तल घर के नीचे अवैध बाटलिंग यूनिट संचालित करने का भी खुलासा हुआ था। पुलिस को यहां सैकड़ों की संख्या में खाली बोतलें, छत्तीसगढ़ का नकली होलोग्राम तथा स्टीकर भी मिला था। अवैध बाटलिंग यूनिट का पर्दाफाश होने के बाद राज्य सरकार ने अवैध शराब के पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने के निर्देश दिए थे। एसपी मोहित गर्ग ने मामले को गंभीरता से लेते करीब आधा दर्जन टीमों को यहां से छापामारी के लिए रवाना किया था। एएसपी राहुल देव शर्मा इस पूरे मामले को लीड कर रहे हैं। पुलिस ने फार्म हाऊस के मालिक रोहित नेताम सहित दर्जनभर से ज्यादा आरोपियों को अभी तक गिरफ्तार कर लिया है। सूत्रों ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ के दौरान पुलिस को यह जानकारी मिली थी कि अवैध शराब की बोतलों में ढक्कन की सप्लाई दिल्ली से होती है। पुलिस की एक टीम ने दिल्ली में ढक्कन के निर्माता और सप्लायर विकासपुरी माया अपार्टमेंट निवासी विक्रम आहूजा उर्फ विक्की पिता पूरनचंद आहूजा 50 साल को गिरफ्तार किया है। आरोपी विक्रम ने पुलिस को बताया कि पूर्व में गिरफ्तार किए गए चंदन ममतानी को छग में बिकने वाली शराब की शीशी के लिए 60 हजार नग ढक्कन की सप्लाई की थी। आरोपी प्रति ढक्कन 40 पैसे मुनाफे में बेचता था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।




### शराब लोड करने पर कार्रवाई

पुलिस के अनुसार आरोपी बाबुलाल हारोड़ पिता मोहनलाल हरोड़ निवासी ग्राम रूनीजा माली मोहल्ला थाना भाटपचलना जिला उज्जैन मप्र को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर बताया कि तेजाजी नगर इंदौर पेट्रोल पंप के पास कंटेनर वाहन के ड्राईवर टोनी पासवान से खाली गाड़ी लेकर जाना एवं शराब लोड कराकर वापस उसी पेट्रोल पंप के पास आकर कंटेनर वाहन के चालक टोनी पासवान को देना बताया है। आरोपी के विरूद्ध धारा सदर का अपराध घटित करना सबूत पाए जाने से 11 अप्रैल को विधिवत गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण में अन्य आरोपी का पतातलाश जारी है।

### छग की डिस्टलरी का सप्लायर

पुलिस ने ढक्कन बनाने वाले जिस फैक्ट्री मालिक विक्रम आहूजा को गिरफ्तार किया है, उसे छत्तीसगढ़ की एक बड़ी डिस्टलरी में शराब की बोतलों के केप तैयार करने का काम भी मिला हुआ है। इससे साफ है कि अवैध शराब माफियाओं ने अपने तगड़े नेटवर्क के लिए उसी सप्लायर को काम दिया था, जहां से छग की वैध शराब की बोतलों के लिए ढक्कन तैयार किए जाते हैं।

### नकली होलोग्राम की जांच जारी

अवैध शराब की बोतलों में लगने वाले ढक्कन की सप्लाई के आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने अब नकली होलोग्राम की जांच पड़ताल तेज कर दी है। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि शीघ्र ही नकली होलोग्राम तैयार करने वाले आरोपी भी गिरफ्तार हो जाएंगे।

### चुनाव में खपी अवैध शराब

पुलिस द्वारा आरोपियों से की जा रही पूछताछ में इस बात का भी खुलासा हो गया है कि खैरागढ़ में हाल ही में हुए पंचायत और निकाय चुनाव में करीब 400 पेटी अवैध शराब को खपाया गया है। कंटेनर के जरिये शराब यहां लाई गई और फिर पानी और स्प्रीट मिलाकर उसे खाली बोतलों में भरकर उसमें छग का नकली होलोग्राम और स्टीकर लगाया गया।

## पिकनिक से लौट रहे युवक से मारपीट, आरोपियों पर कार्रवाई

- ई-रिक्शा में पिकनिक मनाकर दोस्तों के साथ लौट रहा था प्रार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दोस्तों के साथ पिकनिक मनाकर लौट रहे युवक का रास्ता रोककर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार प्रार्थी मुकेश यादव 28 साल निवासी गौरीनगर अटल आवास का 13 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह अपने दोस्तों के साथ मोहड में पिकनिक मनाकर ई-रिक्शा वाहन से वापस आ रहे थे कि नंदई चौक के पास पहुंचे, तभी आरोपी रितेश यादव उर्फ लारो यादव, मुरली ठाकुर व उनके अन्य 2 विधि के विरूद्व संघर्षरत बालक द्वारा एक राय होकर वाहन को रोककर चौक हमारा है, कहकर गाली-गुप्तार कर हाथ-मुक्का एवं डंडा से मारपीट कर जान से खतम करने की धमकी दिया है। रिपोर्ट पर धारा 296, 351(2) 115(2), ⏩ शेष पेज 14 पर

### कर रहे थे शांतिभंग

जमानत पर छूटने के पश्चात आरोपीगण द्वारा मोहल्ले में हो-हुल्हड कर परिशांति भंग करने की सूचना प्राप्त होने के उपरांत मौके पर पुलिस पार्टी रवाना कर अनावेदक तस्दीक कार्रवाई की गई। तस्दीक कार्रवाई पश्चात आरोपीगणों द्वारा मोहल्ले में हो-हुल्लड कर क्षेत्र में परिशांति भंग करते पाए जाने से आरोपीगणों के विरूद्व प्रतिबंधात्मक धारा के तहत कार्रवाई कर आरोपियों को माननीय एसडीएम न्यायालय राजनांदगांव में पेश किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा आरोपीगणों का जेल वारंट प्राप्त होने उपरांत आरोपीगणों को जिला राजनांदगांव दाखिल किया गया।

0 राजनांदगांव। बीते दो-तीन दिनों से मौसम में बदलाव देखा जा रहा है। खण्ड वर्षा के साथ आंधी-तूफान से परेशानी बढ़ी हुई है। वहीं कल 15 अप्रैल से मौसम खुलने की संभावना के साथ ही तापमान में भी बढ़ोतरी होगी। इधर मौसम में बदलाव का असर स्वास्थ्य पर भी देखा जा रहा है।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. किशोर सांगोड़े
MBBS, MD (Internal Medicine)
- ब्लड प्रेशर
- शुगर
- थायराइड
- बुखार
- खांसी
- छाती रोग
- पेट रोग
- किडनी
- लकवा
- माइग्रेन
- श्वास तथा हृदय संबंधित समस्या
- नसों से संबंधित बीमारियों के विशेषज्ञ

OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365




## मुड़पार में कर्मा जयंती आज

**राजनांदगांव।** ग्रामीण साहू समाज ग्राम मुड़पार में ग्रामीण स्तरीय कर्मा जयंती परिक्षेत्र मुड़पार में 15 अप्रैल को मां कर्मा भवन ग्राम मुड़पार में कर्मा जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत सुबह 6 बजे मां कर्मा की आरती तत्पश्चात भक्त मां कर्मा की भव्य शोभायात्रा, दोपहर 11 बजे मोर सोन चिरइया ग्राम मुड़पार का सांस्कृतिक कार्यक्रम, दोपहर 1 बजे अतिथियों का स्वागत एवं संबोधन, सम्मान समारोह, 3 बजे महाकाव्य मानस मंडली कंचना कुरूद धमतरी, शाम 6 बजे खिचड़ी प्रसादी भोजन भंडारा का आयोजन होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे व पूर्व सांसद अभिषेक सिंह शामिल होंगे।

मांय एंगल




# आम्बेडकर जयंती पर निकाली शोभायात्रा, थिरके अनुयायी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बौद्ध समाज द्वारा काफी हर्षोल्लास से मनाई गई। अंबेडकर जयंती के अवसर पर शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। वहीं विभिन्न वार्डों से रैली निकाली गई। इस दौरान बौद्ध अनुयायियों ने विधि-विधान से बाबा साहब अंबेडकर की पूजा-अर्चना कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। देर शाम शहर के सिविल लाइन स्थित अंबेडकर सांस्कृतिक भवन में जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर मधुसूदन यादव ने की।

सोमवार को जिलेभर में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती काफी धूमधाम से मनाई गई। शहर के कलेक्टोरेट कार्यालय परिसर में स्थित बाबा साहब अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर समाज के लोगों ने माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की और संविधान की प्रस्तावना का पठन किया। वहीं सांसद संतोष पाण्डे ने संबोधित किया।



### जन-जन तक बाबा साहब का संदेश

बौद्ध समाज के अध्यक्ष कांति कुमार फुले ने बताया कि जयंती समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अंबेडकर विचारधारा विभाग नागपुर विश्वविद्यालय महाराष्ट्र के एड. आर. शंभरकर उपस्थित रहे, जिन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर के कार्यों, उनके विचारधाराओं को अपने उद्बोधन के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाया।

### विधानसभा अध्यक्ष हुए शामिल

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को लेकर समाज के लोगों को अपनी बधाई और शुभकामनाएं दी। वहीं उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर उन्हें नमन किया।

### शहर में निकली शोभायात्रा

अंबेडकर जयंती के अवसर पर शहर के 22 बौद्ध समितियों द्वारा अपने-अपने वार्डों से बाजे -गाजे के साथ बाबा साहब की झांकी निकाली गई। इस दौरान बौद्ध अनुयायी शोभायात्रा में जय भीम के नारे लगाते झूमते चल रहे थे। यह शोभायात्रा शहर के अलग-अलग मार्गों से होते हुए सिविल लाइन स्थित अंबेडकर सांस्कृतिक भवन पहुंचकर संपन्न हुई।

## खबर संक्षेप



### सरपंच सौरभ का सम्मान

**पटेवा।** तहसील साहू संघ खैरागढ़ द्वारा आयोजित कर्मा जयंती एवं पंचायत प्रतिनिधि सम्मान समारोह में सबसे कम उम्र के सरपंच सौरभ कुमार साहू का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विधायक यशोदा वर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, घम्मन साहू ,विप्लव साहू शामिल हुए।

### भीषम ठाकुर बने पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष

**कलकसा।** पटवारी संघ क जिला अध्यक्ष का चुनाव गत दिनों सतनाम भवन राजनांदगांव में संपन्न हुआ।



निर्वाचन अधिकारी प्रमोद श्रीवास्तव एवं लखनलाल सोरी के निर्देशन में निर्वाचन कार्यवाही पूरा किया गया। अध्यक्ष पद के लिए पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष भीषम ठाकुर, पूर्व जिला अध्यक्ष भूपेंद्र कांडे एवं पूर्व तहसील अध्यक्ष छुरिया डेविड भुआर्य ने पर्चा दाखिल किया। त्रिकोणीय मुकाबला में भीषम ठाकुर ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भूपेंद्र कांडे को 32 मतों से पराजित किया। परिणाम घोषित होने के बाद राजू श्रीवास्तव, अनिल वर्मा, पुरुषोत्तम नेताम, प्रशांत ठाकुर, नीरज श्रीवास्तव, कमलेश जुरेसिया, हेमंत वर्मा ने बधाई दिया है।

### परीक्षा परिणाम हुए घोषित

**पटेवा।** स्थानीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गत दिनों विभिन्न कक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। कक्षा 9वीं का 61, कक्षा 11वीं विज्ञान संकाय 93.54, गणित संकाय 100, कृषि संकाय 99, वाणिज्य संकाय 100, एवं कला का परिणाम 65 प्रतिशत रहा। कक्षा 9 वीं में प्रथम युवराज निर्मलकर, द्वितीय लिकेश्वरी, तृतीय जिया वर्मा, लवली साहू, कक्षा11 वीं विज्ञान संकाय में प्रथम लिशा साहू, द्वितीय प्रेरणा, गणित संकाय में प्रथम हर्ष देवांगन, द्वितीय भेषमणी साहू, कृषि संकाय में प्रथम थानेश्वरी साहू, द्वितीय चांदनी सेन, वाणिज्य संकाय में प्रथम तन्नू साहू, द्वितीय स्नेहा साहू, कला संकाय में प्रथम आर्यन साहू, द्वितीय रोशनी यादव रहे। परिणामों की घोषणा प्राचार्य एचके साहू ने किया। इस मौके पर शाला समिति के अध्यक्ष राकेशकुमार साहू, सदस्य, पालक, शिक्षक मौजूद थे।

### मौसम में आया बदलाव



**सड़क अतरिया।** तेज गर्मी के बीच रविवार शाम को एक बार फिर मौसम में बदलाव देखने मिला। शाम 5 बजे के आसपास आकाश में काले बादल छा गए और तेज हवा ख्लने लगी थी। कुछ स्थानों में बूंदा बांदी होने की खबर है। वर्तमान में क्षेत्र की सोसायटी से धान का उठाव होना शेष है। बारिश होने पर धान भीगने का डर बना है। दूसरी तरफ कृषक तीसरे फसल के रूप में मूंग की बोआई किया है जिसके लिए मध्यम वर्षा फायदेमंद है। मौसम में आए बदलाव के बाद तापमान कम हुआ है पर बादल छाए रहने से उमस महसूस हो रही है।

### कांग्रेस का धरना आज

**डोंगरगढ़।** बढ़ते वारदात एवं अवैध शराब बिक्री जैसे घटना लगातार बढ रहे और सरकार इन घटनाओं को रोकने में नाकाम साबित हो रही है। करवारी में अवैध बॉटलिंग का काम हो रहा था। जिसके मुख्य गुनहगार को पकड़ा नहीं जा रहा है। जिसको लेकर कांग्रेस द्वारा 15 अप्रैल को प्रदर्शन किया जाएगा। धरना में भागवत साहू, हर्षिता बघेल, दलेश्वर साहू, भोलाराम साहू, धनेश पाटिला, भुनेश्वर बघेल, छन्नी साहू, नवाज खान, महेंद्र यादव, विभा साहू, अंगेश्वर देशमुख आदि शामिल होंगे।

---

### आम्बेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण, त्रिशरण और पंचशील का हुआ पाठ

# जयंती पर रही जय भीम की गूंज लोगों ने किया श्रद्धा से नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

संविधान वेत्ता बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर की 134 जयंती सामाजिक समरसता के साथ मनाई गई। स्थानीय नागसेन बौद्ध बिहार में भगवान बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष परित्राण पाठ के बाद बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। इस मौके पर उनके आदर्शों का अनुकरण करने का संकल्प लेते हुए श्रद्धसुमन अर्पित किया गया। इस मौके पर खीर पुरी का वितरण किया गया।





### निकाली विशाल मोटर साइकिल रैली

जयंती के एक दिन पहले विशाल मोटर साइकिल रैली का आयोजन किया गया। में बाबा साहेब के जयकारे और जय भीम के नारे के साथ मोटर साइकिल रैली ने शहर भ्रमण किया। सोमवार को स्थानीय तहसील परिसर में स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर सामाजिक, धार्मिक एवं जनप्रतिनिधियों ने पुष्पाजंलि अर्पित किया। भंते नागसेन ने परित्राण पाठ कर बाबा साहेब के संविधान, उनके जीवन चरित्र और मार्गदर्शिका को लोगों के समक्ष रखा। इस मौके पर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व मंत्री धनेश पटिला, पूर्व विधायक रामजी भारती, रमन डोंगरे, तरूण हत्थेल, उमा महेश वर्मा, अमित जैन, मुन्नालाल नंदेश्वर, नलिनी मेश्राम, तुलसी मिश्रा, जस्मितसिंग, परविंदरसिंग मोंटी, रिंकू बसंल, कैलाश सोनवानी, हरीश भंडारी, गिरीश साहू, राजेश गजभिये, रतन कोसे, संजू डोंगरे, निर्भय चोखंद्रे, धीरज मेश्राम, सत्यप्रकाश मिश्रा, देवेन्द्र साखरे, सरफु खान सहित अन्य उपस्थित थे।

### सचिवों ने भी मनाया जयंती



पंचायत सचिव संघ ने धरना स्थल पर बाबा साहेब की जयंती मनाया। जय घोष करते हुए पंचायत सचिव अपनी मांग को डटे रहे। इस अवसर पर सचिवों ने बाबा साहेब अम्बेडकर के विचार, आदर्श, संविधान के साथ उनके संघर्ष को रखा। उन्होंने मोदी की गारंटी के तहत किए गए शासकीय करण के वादे को पूरा करने की मांग राज्य सरकार से की। इस मौके पर राजाराम उइके, गैंदलाल खोब्रागढ़े, मनेश रंगारी, मोरध्वज साहू, दिलीप वर्मा,केदान वर्मा, कोमल वर्मा, थानूराम, विजय सिन्हा, भूपेन्द्र यादव, धरमपाल वर्मा, दिनेश साहू, अमित वर्मा, चुम्मन वर्मा, पुखरेश साहू, निधि यादव, टाकेश्वरी, कंचन, अंजू ठाकुर, रोशनी, शोभाराम, मंगतू यादव, हलधर, रोहित, जयराम, श्री राम आदि मौजूद थे।

## श्रद्धा सुमन अर्पित करने उमड़ा जन सैलाब

**गंडई पंडरिया।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर नगर के अंबेडकर पार्क में आयोजित कार्यक्रम में जनसैलाब उमड़ पड़ा। भाजपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी सहित जनसामान्य ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान पार्क की सफाई की गई और ध्वजारोहण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का समता, न्याय और मानवाधिकारों के लिए किया गया संघर्ष सभी को अन्याय के विरुद्ध दृढ़ता से खड़े होने की प्रेरणा देता है।


### भाजपा ने चलाया सफाई अभियान

सुबह गंडई मंडल भाजपा ने डॉ. अंबेडकर जयंती के अवसर पर सफाई अभियान चलाकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, सांसद प्रतिनिधि राजेश ताम्रकार, विक्की अग्रवाल, टेकन देवांगन, दिनेश भट्ट, पार्षद यतीश कुंजाम, राकेश निषाद, अशोक मरार, लीला राम साहू सहित अन्य उपस्थित थे। इसी क्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। वहीं आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर पार्क पहुंचकर प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनसामान्य ने भी अंबेडकर पार्क पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों को याद किया।



### अम्बेडकर के आदर्शों पर चलें

**टाटेकसा।** ग्राम में भारतरत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती उल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुवात में भगवान गौतम बुद्ध एवं डां अंबेडकर की पूजा अर्चना किया गया। इस अवसर पर घनश्याम यादव ने डॉ अंबेडकर को याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि बाबा साहेब ने शिक्षा को सबसे बड़ा धन बताया था। उन्होंने कहा था कि जब आप शिक्षित होते हैं, तो सवाल पूछते हैं और यही किसी भी झूठे तंत्र को असहज करता है। इस मौके पर मुन्नालाल साहू, जनाराम काटेंगी, सुरेश माली, अंबे निषाद, परसु यादव, उग्रसेन मरकाम, परसु साहू, बलेश्वर गावड़े, रामजी साहू, श्यामलाल नंदेश्वर, एवन नंदेश्वर, शरद सहारे, दिलीप लाऊत्रे, दुर्गेश नंदेश्वर, गनपत नंदेश्वर आदि उपस्थित थे।





## उल्लास से मनी जयंती

**डोंगरगांव।** संविधान शिल्पी भारत रत्न डॉ बीआर अम्बेडकर की 135 वीं जयंती शहर में श्रद्धा और उल्लास के मनाया गया। बौद्ध समाज के अनुयायियों ने जयंती के मौके पर डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष मोमबत्ती ओर अगरबत्ती जलाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

सोमवार को जयंती कार्यक्रम बुद्ध विहार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुबह बुद्ध विहार में स्थापित संविधान वेत्ता डॉ बीआर अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मोमबत्ती और अगरबत्ती प्रज्जवलित किया गया। त्रिशरण और पंचशील का वाचन के बाद केक काटा गया। कार्यक्रम के बाद स्थानीय कालेज परिसर में स्थापित प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया गया।

शाम को विशाल शोभायात्रा निकलकर नगर भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान शहर में जय भीम की चहुंओर गूंज रही। इस दौरान विभिन्न समाज के लोगों ने बौद्ध अनुयायियों का स्वागत कर जयंती की बधाई दी। कार्यक्रम में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गाँधी, मंडल अध्यक्ष दीना पटेल, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, डॉ निरेन्द्र साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता, हेमंत चोपड़ा, कोमल साहू, डीकेश साहू, सद्दाम खत्री, पूर्व उपाध्यक्ष बीरेंद्र बोरकर, संजय भिमटे, वैशाली बोरकर, श्याम सुंदर लाऊत्रे, रजनीश गजभिए, अंजू त्रिपाठी, रामकुमार, प्रेमलाल मेश्राम, राष्ट्रपाल गजभिए, रमेश रामटेके, अंजू सोनटेके, रेखा लाऊत्रे, सालिकराम कोचे, मुक्ता बोरकर, राधिका गजभिए, विकास खोब्रागढे, सुरेश दरवाड़े, अश्विन दरवाड़े, नूपुर बारसागढ़े, प्रेमा शेंडे, करुणा गजभिए, किरण मेश्राम, देवला सोनटेके, सरोज उइके, शीतल, संतकला, मुन्नी शेंडे, माधवी मेश्राम, वैभव बोरकर, देवेंद्र सोनटेके, शशांक खोब्रागढ़े सहित अन्य बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### डॉक्टर आंबेडकर ने दिखाई नई राह

**छुरिया।** नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल एवं उपाध्यक्ष भूषण नेताम अम्बेडकर जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए। स्वागत के बाद उन्होंने डां भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर श्री पटेल ने डां अम्बेडकर को विधि वेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, लेखक और समाज सुधारक बताया। इस मौके पर श्री तेमरे, श्री हुमने, श्री मुठघड़े, ललित मेश्राम, हेमंत उइके, केशव वैध, विक्की वैध, रघुनाथ वैध, इतवारी राम आदि मौजूद थे। इसी प्रकार जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव शिकारीमहाका में आयोजित अंबेडकर जंयती कार्यक्रम में शामिल हुई। अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने की। इस दौरान श्रीमती वैष्णव ने कहा कि डा. अंबेडकर का जीवन यह सिखाता है कि शिक्षा और संगठन शक्ति से व्यक्ति और समाज को बदला जा सकता है। जनपद अध्यक्ष श्री सिन्हा ने भी संबोधित किया। इस मौके पर कांता साहु, राजेश्वर धुर्वे, नैनसिंह पटेल, कुंदन बडोले, प्रसिद्ध सोनवानी, भूषणलाल, केजऊ टेमरे, बलिराम, गौतरिहा, नेहरू टेमरे, कृपाल, बनीराम, दशरथ, चंद्रिका, चंद्रकला कोटागले, सुखिया टेमरे, डोमिन टेमरे, पार्वती टेमरे, गंगा मेश्राम सहित अन्य मौजूद थे।





---

### हनुमान मंदिरों में पूजा-अर्चना

# श्रद्धा और भक्ति के साथ लोगों ने मनाया जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

विचारपुर में बाल स्वरूप हनुमान की जयंती उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने 5 गांवों का महाप्रसाद रखा। ग्रामीणों के सहयोग से प्रसाद बनाकर वितरण किया गया। इस दौरान 5 गांव में सभी काम बंद रहे।

नागतराई में श्री हनुमंत सेवा समिति, श्री रामदूत युवा संगठन एवं ग्रामवासियों ने हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर 11 अप्रैल को शोभायात्रा निकाला। दूसरे दिन अभिषेक पूजा किया गया। शाम को मानस गान का आयोजन किया गया। श्री हनुमंत सेवा समिति के अध्यक्ष पूरनलाल पटेल ने बताया कि ग्राम में 20 साल से जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में रामखेलावन दुबे, गिरधारी लाल वर्मा, पूरनलाल पटेल, माखनलाल पटेल, रामकुमार वर्मा, महेंद्र वर्मा, दीपेंद्र वर्मा, दिनेश दुबे, गोरेलाल वर्मा, टुम्मन वर्मा, भीखम वर्मा, नंदकुमार साहू, प्रमोद वर्मा, तिलक वर्मा, रूपचंद मंडावी, अनिल यादव, रामदेव पटेल, शंकर वर्मा, फनिंद्र दुबे, अनिल राणा, हरिओम वर्मा, नीलकंठ वर्मा आदि उपस्थित थे।





### धूमधाम से मनाया जन्मोत्सव



**पटेवा।** हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाते हुए इरईकला की युवा उत्सव समिति ने हवन, पूजन, हनुमान चालीसा, रामायण पाठ का आयोजन कर दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में किया। इस अवसर पर महाप्रसादी वितरण भी किया गया। इस मौके पर सरपंच ललित साहू, डाकेश्वर साहू, श्यामलाल साहू, थानूराम साहू, कन्हैयालाल साहू, जीवराखन साहू, लतमार साहू, कृष्णा साहू, विनोद साहू, बंशी साहू, कमलेश साहू, टिकेश्वर साहू, पुरषोत्तम साहू आदि उपस्थित थे।

## हटेगा मोगरा बैराज का दफ्तर



**अंबागढ़ चौकी।** ब्राह्मणभेड़ी के अधीन आने वाले टोलागांव में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मंत्री केदार कश्यप शामिल हुए। उन्होंने जनप्रतिनिधियों की मांग पर विभिन्न घोषणाएं की। गांव में कबड्डी प्रतियोगिता, खिलाड़ी एवं जनप्रतिनिधियों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। मंत्री श्री कश्यप ने जनजातियों के कल्याण के लिए काम कर रहे जनप्रतिनिधियों सहित खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

इस मौके पर दिलीप वर्मा, मोहन जैन, कमलेश सारस्वत, गुलाब गोस्वामी, देव कुंभकार, भारत भूषण राजपूत, उमाकांत बाजपेई, सतीश शर्मा आदि उपस्थित थे।

### पर्यटन स्थल बनाने की मांग

इस दौरान नगर पंचायत उपाध्यक्ष पवन गुप्ता ने मोगरा बैराज के कार्यालय और आवासीय परिसर जो डोंगरगांव में है को अंबागढ़ चौकी स्थानांतरित करने पर चर्चा किया। उन्होंने मोंगरा को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने की मांग रखी। जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रतासिंह एवं नपं उपाध्यक्ष श्री गुप्ता की मांग पर मंत्री श्री कश्यप ने मोगरा कार्यालय को अंबागढ़ चौकी में स्थापित करने की घोषणा की। उन्होंने गार्डन एवं अन्य सुविधा विकास के लिए एक करोड़ की स्वीकृत दी। उन्होंने कहा कि मोंगरा में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मोटल की स्थापना की जाएगी।

## गांवों में बेरोकटोक बिक रही शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क चिरचारी

नेशनल हाइव से सटकर बसे सड़क चिरचारी, चारभाटा और आसपास गांवों में अवैध शराब, जुआ सट्टा सहित अन्य अनैतिक कारोबार काफी फलफूल रहा है। होटल, पान ठेला, ढाबों और अन्य दुकानों की आड़ में अवैध कारोबार चलाया जा रहा है । जानकारी के अनुसार सरकारी शराब दुकान से ही शराब कोचियों को बड़ी मात्रा में शराब मिल रहा है।

दुकान से जुड़े कुछ लोग गांव तक शराब पहुंचा रहे है। गांवों में आसानी से शराब मिलने के कारण पियक्कड़ों की संख्या लगातार बढ़ रही है। चारभाटा के स्कूल मैदान और बाजार सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर शराब की खाली बोतले और डिस्पोजल देखा जा सकता है। बच्चों के खेलने के लिए बनाए गए मिनी स्टेडियम को भी शराबियों ने पीने का अड्डा बना लिया है। यहां भी शराब की बोतले व डिस्पोजल फेंका जा रहा है। बाजार सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर प्रतिबंध के बाद भी शराब का सेवन किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि नशाखोरी के कारण घरेलू कलह सहित अन्य अपराध बढ़ रहे हैं। वहीं युवा, बच्चों और महिलाओं पर बुरा असर पड़ रहा है।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### श्रद्धा से मनाया हनुमान जन्मोत्सव

**छुईखदान।** ग्राम पिरचा रोला में हनुमान जन्मोत्सव एवं जन प्रतिनिधियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। महिला मंडलियों ने भजन कीर्तन कर शोभायात्रा निकाला। युवाओं ने भोग भंडारा का आयोजन किया। इस दौरान जन प्रतिनिधियों का सम्मान शिक्षक नेहरू जंघेल, कोमल जंघेल, ललित वर्मा, विजय वर्मा, एवं महिलाओं का सम्मान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, संजू वैष्णव ने किया। इस दौरान दीपक वैष्णव, रवि जंघेल, शंकर, किशोर कैच्या, हरीश वर्मा, अशोक वर्मा, अभिषेक जंघेल, बालाराम भारती, सोनु वर्मा, डोमन वर्मा, सुनील वर्मा, पं. विजयेंद्र वैष्णव मौजूद थे।

### बीरूटोला में मनी जयंती

**डोंगरगांव।** ग्राम बीरूटोला में संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर की जयंती हर्षोल्लास से मनाया गया। जयंती अवसर पर भारतीय बौद्ध समाज एवं ग्रामवासियों ने विशाल प्रभातफेरी निकाली। डॉ. अम्बेडकर की मूर्ति के समीप त्रिशरण पंचशील का वाचन किया गया। तत्पश्चात समाज प्रमुखों द्वारा उनके जीवनी और उनके द्वारा किए गए कार्यों को बताया गया। कार्यक्रम में भारतीय बौद्ध समाज बीरूटोला के उपासक-उपासिका के साथ ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन 25 तक

**राजनांदगांव।** भारतीय थल सेना में अग्निवीर के विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए 25 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित की गई है। उक्त भर्ती जनरल, तकनीकी, क्लर्क, ट्रेडमेन (8वीं व 10वीं) महिला सैन्य पुलिस और रेगुलर कैडर भर्ती धर्म गुरू, नर्सिंग सहयोगी और सिपाही फार्मा के पदों पर होगी। आवेदक योग्यता अनुसार अग्निवीर के दो पदों के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। अग्निवीर क्लर्क के आवेदकों को ऑनलाईन परीक्षा (सीईई) के समय टाईपिंग टेस्ट देना होगा। ऑनलाइन परीक्षा (सीईई) माह जून 2025 में आयोजित होने की संभावना है। भर्ती के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए थलसेना के वेबसाईट एवं सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के दूरभाष पर संपर्क कर सकते हैं।

### हनुमान जन्मोत्सव मना

**छुरिया।** शिकारीमहका में हिंदुत्व भगवाधारी युवा संगठन ने धूमधाम से हनुमान जन्मोत्सव मनाया। इस मौके पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किया गया। बजरंग मंदिर में पूजा के बाद महिला समूह और हिंदुत्व भगवाधारी युवा संगठन ने प्रसाद वितरण किया। प्रसादी वितरण के बाद ग्रामवासियों एवं महिला समूह ने डीजे के साथ बाइक रैली निकाली गई, जो शिकारीमहका से बोईरडीह, छुरिया, भंडारपुर, हालेकोसा तक गई।

---

### कांग्रेस ने विरोध पत्र सौंपकर पीआईसी के इस निर्णय को खारिज करने मांग की

# मीराबाई चौक तोड़े जाने पर कांग्रेस का विरोध

**नगर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल, मीराबाई चौक खैरागढ़ की सांस्कृतिक आत्मा है**

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नगर के हृदयस्थल पर स्थित ऐतिहासिक व सांस्कृतिक प्रतीक मीराबाई चौक को बिना किसी सार्वजनिक सूचना, जन-सुनवाई अथवा विधिसम्मत प्रक्रिया के हटाए जाने को लेकर कांग्रेस पार्टी ने तीखी आपत्ति दर्ज की है। कांग्रेस नेताओं ने इस निर्णय को असंवेदनशील, अलोकतांत्रिक करार देते हुए नगर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न चिह्न खड़ा करते हुए कहा कि मीराबाई चौक खैरागढ़ की सांस्कृतिक आत्मा है, जो जनमानस से जुड़ी हुई है।

इसका यूं अचानक बिना किसी सार्वजनिक प्रसारण किए हटाना नागरिक भावनाओं का सीधा अपमान है। यह निर्णय नगर की साझा विरासत और ऐतिहासिक स्मृति को नष्ट करने की ओर उठाया गया दुर्भाग्यपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि नपा प्रशासन के इस निर्णय के विरोध में कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल जिसमें विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आकाशदीप सिंह गोल्डी, शहर अध्यक्ष भीखमचंद छाजेड़, मुढ़ीपार ब्लॉक अध्यक्ष कोमल साहू सहित युवा कांग्रेस, एनएसयूआई एवं सेवादल के कार्यकर्ता शामिल होंगे सभी अंबेडकर चौक, बस स्टैंड में एकत्रित होकर एसडीएम को विरोध-पत्र सौंपकर पीआईसी के इस निर्णय को खारिज करने की मांग की है।



#### लगाए नारे, कहा बिना प्रस्ताव लाए किया तोड़ फोड़

विधायक यशोदा वर्मा, विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन, नीलांबर वर्मा, नपा उपाध्यक्ष रज्जाक खान, दिलीप लहरे, शत्रुहन धृतलहरे, हेमकल्याणी तोड़े, आकाशदीप सिंह, भीखमचंद छाजेड़, विप्लव साहू, नपा नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, डॉ अरूण भारद्वाज, भरत चंद्राकर, रविंद्र सिंह गहरवार, यतेंद्रजीत सिंह, संदीप सिरमौर, नरेश सिंहा, हरिदर्शन ढीमर, भूपेंद्र वर्मा सहित अन्य ने तोड़ फोड़ स्थल पर नपा प्रशासन के इस निर्णय की आलोचना कर जमकर नारेबाजी की और एस्सडीएम टंकेश्वर साहू को ज्ञापन सौपकर अटल परिसर के लिए नवीन जगह उपलब्ध कराने की मांग की। विधायक यशोदा वर्मा ने कहा कि वर्तमान जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के कार्यकाल में संगीत नगरी में भगवान कृष्ण की अनन्य भक्त मीराबाई की प्रतिमा की स्थापना की गई थी, लेकिन पीआईसी या सामान्य प्रशासन समिति की बिना बैठक लिए, विषय में प्रस्ताव पारित किए तोड़ फोड़ किया गया है। नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन ने कहा कि अटल परिसर निर्माण के लिए स्थल चयन को लेकर समिति बनाने की बात हुई थी, मीराबाई की स्थापित प्रतिमा को किस आधार पर हटाया जा रहा है समझ से परे है।

#### पारदर्शिता पर उठा सवाल

जानकारी अनुसार नगर पंचायत अध्क्षीय कार्यकाल में अध्यक्ष विक्रांत सिंह ने वहॉं रंगीन लाइटिंग वाली मीराबाई की प्रतिमा लगवाकर सौंदर्यीकरण की दिशा में शानदार प्रयास किया था। साल भर पहले पूर्व सांसद व विधायक राजा देवव्रत सिंह की प्रतिमा स्थापना को लेकर भी उसे नही हटाया गया, लेकिन अप्रत्याशित घटनाक्रम में अब वहां अटल परिसर निर्माण की योजना बन चुकी है, जिसके लिए 29 लाख रुपये का टेंडर जारी किया गया है। इसके बावजूद पुराने निर्माण कार्य को तोड़ने का काम नपा के प्लेसमेंट कर्मचारियों द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है, जो न केवल प्रशासनिक प्रक्रियाओं की अनदेखी है, बल्कि संभावित भ्रष्टाचार की आशंका भी उत्पन्न करती है। नपा ने इस काम में प्लेसमेंट कर्मचारियों को जेसीबी मशीन भी सौंप दिया है जिसका उपयोग किया जा रहा है, जबकि यह प्रोजेक्ट ठेके पर दिया जा चुका है। तोड़फोड़ करने वाले कर्मचारियों का कहना है कि चौक की चारदीवारी को अटल उद्यान में सही सलामत उपयोग के लिए निकाला गया है। ठेकेदार का सहयोग करने वाली बात गलत है लेकिन नपा के इस रवैए को लेकर भी अन्य ठेकेदारो मे काफी नाराजगी है उनका कहना है कि निर्माण कार्य की जगह को सही सलामत उपलब्ध कराने के लिए नपा के अधिकारी कर्मचारी महीनो घुमाते है और यहॉं चारदीवारी को उपयोग मे लेने की बता सीधे सीधे गलतबयानी है। कार्य आदेश देने के बाद नगर पालिका की सरकारी जेसीबी और सरकारी डीजल का दुरुपयोग किया जा रहा है कार्य आदेश देने के बाद ठेकेदार की जवाबदारी होती है कि वह स्थल मे कार्यारंभ पूर्व तैयारी करे।

#### पीआईसी का निर्णय

पीआईसी ने उक्त स्थल पर अटल परिसर बनाने का निर्णय लिया है

**- नरेश वर्मा,** सीएमओ

---

### अधेड़ पर 4 नाबालिकों से दुष्कर्म के प्रयास का आरोप, मामला दर्ज

**गंडई पंडरिया।** गंडई नगर से लगभग 8 किमी दूर स्थित एक गांव में एक शर्मनाक घटना सामने आई है। 47 वर्षीय एक अधेड़ व्यक्ति पर गांव की ही चार नाबालिग बच्चियों के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास करने का आरोप लगा है। परिजनों को घटना की जानकारी मिलते ही गांव में एक बैठक हुई। जिसके बाद आरोपी के खिलाफ गंडई थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार 12 अप्रैल की देर शाम को गांव के रहने वाले 47 वर्षीय धरम वर्मा ने 6 से 8 वर्ष की आयु की चार नाबालिग बच्चियों को खाने का लालच देकर अपने घर बुलाया। आरोप है कि उसने बच्चों को उनके कपड़े खोलने के लिए कहा। इसके बाद नाबालिग बच्चियों ने घर पहुंचकर इस घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी।

परिजनों ने तत्काल गांव में एक बैठक बुलाई और 47 वर्षीय धरम वर्मा के कृत्यों को ग्रामीणों के समक्ष रखा। ग्रामीणों ने गंभीरता दिखाते गंडई थाना में इस मामले की लिखित शिकायत दर्ज करवाई। गंडई पुलिस ने मामले की जांच उपरांत आरोपी धरम वर्मा के खिलाफ धारा 74 भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 76 बीएनएस और पॉक्सो एक्ट की धारा 8 एवं 10 के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

---

# जनता के प्रति संवेदनशीलता का परिचायक है सुशासन तिहार : सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य व जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने भाजपा सरकार द्वारा शुरू सुशासन तिहार को साय सरकार का जनता के प्रति संवेदनशीलता का परिचायक बताया है। श्री सिंह ने कहा कि एक साल से अधिक के सुशासन कार्यकाल में भाजपा ने प्रदेश में चहुंओर विकास की धारा प्रवाहित कर दी है।

प्रदेश के किसान, महिलाएं, बुजुर्ग, युवा सभी का ख्याल साय सरकार ने रखा है। माताओं बहनों को महतारी वंदन की राशि की 14वीं किस्त रामनवमीं के अवसर पर प्रदान किया गया इसी तरह किसानों को एकमुश्त धान की अंतर की राशि का भुगतान कर संबल बनाया है। आज प्रदेश के किसान आत्मनिर्भर होकर किसानी कर रहे हैं। 31 सौ रुपए धान का भुगतान मिलने से प्रदेश के किसान समृद्ध व सशक्त हो रहे हैं। इसके अलावा प्रदेश के बुजुर्गों को तीर्थ भ्रमण योजना, अयोध्या दर्शन योजना के तहत धार्मिक स्थलों का दर्शन सरकारी खर्च पर भाजपा सरकार द्वारा कराया जा रहा है जिससे गरीब वर्ग के बुजुर्गों का तीरथ धाम दर्शन का सपना पूरा हो रहा है। जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि सरकार ने विकास के साथ प्रदेश की जनता से जुडऩे सुशासन तिहार की शुरुआत की है।

#### समाधान भी होगा तेजी से

प्रथम चरण में 11 अप्रैल तक लोगों की समस्याओं व मांगों से संबंधित आवेदन लेकर 1 माह के भीतर उनका समाधान करने का निर्णय सरकार ने लिया है। जिससे सरकार व सरकारी विभाग का जुड़ाव नागरिकों से सीधे होगा। शिविरों में समस्या का त्वरित समाधान होने से संबंधित दफ्तरों का चक्कर प्रदेशवासियों को नहीं लगाना पड़ेगा। सुशासन तिहार प्रदेश सरकार की उस सोच को दर्शाता है जिसमें जनता को शासन के केंद्र में रखा गया है। इसका मकसद है, पारदर्शिता, जवाबदेही और जनहित को प्राथमिकता देना। इस पहल से जनता को अपनी समस्याएं सीधे सरकार के सामने रखने का अवसर मिल रहा है और उन्हें उम्मीद है कि अब समाधान भी तेजी से होगा।

### बजट के लिए दिया सुझाव

**राजनांदगांव।** नगर निगम राजनांदगांव में आगामी बजट के लिए पार्षदों से सुझाव आमंत्रित किए गए थे। वार्ड नं. 39 हीरामोती वार्ड के पार्षद रवि सिन्हा ने अपने सुझाव प्रेषित किए। जिसमें स्मार्ट हेल्थ कियोस्क की स्थापना, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास, सौर ऊर्जा परियोजनाओं का कार्यान्वयन, हरित क्षेत्रों का विकास और संरक्षण, सांस्कृतिक आयोजन, पारंपरिक खेल महोत्सव एवं साहित्य सम्मान समेत अन्य सुझाव शामिल हैं।



### ई-श्रम पंजीयन कराने रजिस्ट्रेशन कैम्प 17 तक

**राजनांदगांव।** भारत सरकार द्वारा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत जोमेटो, उबेर, ओला, रैपिडो, स्विगी, ब्लिंकीट, इंस्टामार्ट, फ्लिपकार्ट, अमेजन, प्लेटफार्म, बेस्ड डिलिवरी पर्सन के प्लेटफार्म वर्करों का ई-श्रम पंजीयन कराने 17 अप्रैल तक विशेष रजिस्ट्रेशन कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत श्रम पदाधिकारी कार्यालय राजनांदगांव में प्लेटफार्म बेस्ड वर्कर्स-मिशो वालमो कुरियर सर्विस, डिलीवरी एक्सप्रेस प्राईवेट लिमिटेड, डी-3 एक्सप्रेस प्राईवेट लिमिटेड के प्लेटफार्म वर्कर्स का लखोली जैतखाम चौक, ब्लू डर्ट कुरियर सर्विस के प्लेटफार्म वर्कर्स का कमल टॉकिज के पास, डोमिनोज प्लेटफार्म वर्कर्स का मनोकामना भवन, अमेजन कुरियर सर्विस का मोहारा बायपास रोड़, शेडो फैक्स एवं इंस्टामार्ट प्लेटफार्म वर्कर्स तुलसी टावर नेहरू नगर में ई-श्रम पोर्टल में पंजीयन के लिए च्वाईस सेंटर के माध्यम से निःशुल्क शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त श्रम पदाधिकारी कार्यालय संयुक्त जिला कार्यालय में भी प्लेटफार्म बेस्ड वर्कर्स के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिन प्लेटफार्म वर्कर्स का ई-श्रम पंजीयन नहीं हुआ है, वह अपने नजदीकी च्वाईस सेंटर में पहुंचकर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

---

# कुलपति की नियुक्ति पर अभाविप ने जताई आपत्ति

### रातभर बवाल, नियुक्ति रद्द करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

इंदिरा कला संगीत विवि में प्रो लवली शर्मा की कुलपति पद पर नियुक्ति आदेश जारी होने के बाद से विरोध शुरू हो गया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने इस नियुक्ति को लेकर राज्यपाल को ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल प्रभाव से आदेश को रद्द करने की मांग की है।

मांग को लेकर विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता विवि के मेन गेट पर रात भर धरने पर बैठे रहे और जम कर नारेबाजी करते हुए पूरी रात बवाल मचाया। इस दौरान परिसर में भारी संख्या में पुलिस बल भी तैनात रहा लेकिन कहीं ना कहीं पुलिस भी बल प्रयोग करने में हिचकिचा रही थी क्योंकि सताधारी दल का ही छात्र संगठन माने जाने वाला एबीवीपी संगठन उनके सामने था इसलिए पुलिस भी मजबूर और हैरान दिखाई दी।

पूरी रात तमाम प्रशासन के अधिकारी मौके पर डटे रहे, रात में कुलपति लवली शर्मा से मुलाक़ात भी तय हुई लेकिन बात नहीं बनी। सुबह होते होते प्रशासन की ओर से एडीएम और प्रभारी कुल सचिव प्रेम कुमार पटेल सामने आए और एबीवीपी के कार्यकर्ताओं से मुलाक़ात की जिसके बाद एबीवीपी ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर अपना आंदोलन समाप्त किया।



#### वैचारिक मतभेद का इशारा कर आंदोलन

अभाविप ने आरोप लगाया है कि प्रो. लवली शर्मा के खिलाफ पूर्व में कई गंभीर आरोप लगे हैं और वे मध्य प्रदेश के ग्वालियर विवि में संगीत और ललित कला संकाय की डीन के रूप में कार्यरत थीं जहां उनके कार्यकाल के दौरान भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच चल रही है। अभाविप के प्रदेश सहमंत्री अमन बृज नामदेव द्वारा हस्ताक्षरित ज्ञापन में यह मांग की गई है कि विवि की गरिमा और शुचिता को बनाए रखने के लिए प्रो लवली शर्मा की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से रद्द की जाए और किसी योग्य व निष्कलंक व्यक्ति को यह पद सौंपा जाए उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि मांग पर विचार नहीं किया गया, तो संगठन उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

#### वर्चस्व की लड़ाई शुरू

बहरहाल संगीत विवि में बीती रात का ये आंदोलन भाजपा संगठन पर कई सवाल उठा रहा है। क्या संघ मतलब आरएसएस के सम वैचारिक संगठनों में अब समन्वय नहीं रहा या डबल इंजन की सरकार आने के बाद यहा भी वर्चस्व की राजनीति शुरू हो गई है। कल रात से ही इस आंदोलन को रोकने प्रदेश स्तर के संघ और परिषद कार्यकर्ताओं से बातचीत चल रही थी लेकिन इस आंदोलन की गंगोत्री किसी को भी समझ नहीं आ रही थी। सुबह होते होते बात प्रदेश के ऊपर चली गई सूत्रों की माने तो परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री के फ्रोन के बाद इस आंदोलन में अल्प विराम लगा है लेकिन परिषद के प्रदेश सह मंत्री अमन नामदेव ने स्पष्ट कहा है कि अगर प्रो लवली शर्मा की नियुक्ति रद्द नहीं हुई तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा जिसमें शहर बंद से लेकर प्रदेश बंद तक की तैयारी है।

---

#### पंचमी पर लगा रहा श्रद्धालुओं का तांता

# भ्रामरीदेवी के दर्शनार्थ उमड़े भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

भड़भड़ी जंगल स्थित भवरदाह में विराजमान माता भ्रामरी देवी के दर्शन के लिए 14 अप्रैल को भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से शाम तक मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। उल्लेखनीय है कि गंडई राजपरिवार की कुलदेवी माता भ्रामरी देवी हैं। उनका स्थान भवरदाह जंगल है। यहां प्रतिवर्ष ज्योत जंवारा का आयोजन किया जाता है। बताया जाता है कि भवरदाह में निवास करने वाली भावर अर्थात मधुमक्खियों ने पुराने समय में राज परिवार की युद्ध एवं विषम परिस्थितियों में सहायता की थी। तभी से यहां माता भ्रामरी देवी के रूप में विराजमान है। राज परिवार द्वारा हर साल ज्योत एवं ज्वारा का आयोजन किया जाता है। यहां बड़ी संख्या में भक्त भी मनोकामना ज्योत प्रज्जवलित करते हैं। इस वर्ष ज्योत एवं ज्वारा पिछले वर्ष की तुलना में चार से पांच गुना अधिक प्रज्जवलित किए थे। गत 10 अप्रैल को यहां 101 ज्योत जलाई गई थी।



#### भक्तों के लिए सभी व्यवस्था

युवराज एवं नगर पंचायत गंडई के अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने इस वर्ष भड़भड़ी बांध से भवरदाह तक के दुर्गम रास्ते को सुगम बना दिया है। उन्होंने उबड़-खाबड़, पथरीली और चट्टानों से भरे मार्ग को दुरुस्त करवाकर दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों के आवागमन लायक बनवा दिया है जिसके कारण भक्तों की संख्या में इजाफा हुआ है। लोग परिजनों के साथ माता के दर्शन करने एवं जंगल की सुंदरता देखने पहुंच रहे हैं। दर्शनार्थियों के लिए भोजन और पानी की व्यवस्था की गई है।

#### जस गीतों की गूंज

यहां दिन और रात जस गीतों का गायन होता है, जिससे जंगल में भक्तिमय वातावरण रहता है। युवराज लाल टारकेश्वर शाह खुशरो, देवेंद्र शाह खुशरो एवं करन शाह खुशरो पूर्वजों की परंपरा को बचाकर रखे है जिसके कारण भ्रामरी देवी की ख्याति दूर-दूर तक फैलने लगी है। भ्रामरी देवी पर कई जस गीत भी लिखे जा चुके हैं, जो लोगों को खूब पसंद आ रहे हैं। भड़भड़ी बांध के पास भवरदाह जंगल जाने वाले मार्ग पर युवराज लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने स्वागत द्वार भी बनाया है। भड़भड़ी बांध से भवरदाह तक मार्ग के दोनों किनारों पर पहुंच मार्ग का निशान बनाया गया है ताकि पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। पार्षद दिलीप ओगरे एवम अन्य पार्षदो ने पोस्टर के माध्यम से भक्तों का स्वागत किया है।

---

# सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति ने किया लोहिया का सम्मान



**राजनांदगांव।** सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति छत्तीसगढ़ जो पूरे प्रांत में ग्रामीण क्षेत्रों में चलने वाले सरस्वती शिशु मंदिरों की प्रांतीय समिति है, द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर अर्जुनी में आयोजित संभाग स्तरीय बैठक में राजनांदगांव जिला ग्राम भारती के उपाध्यक्ष अशोक लोहिया को गत दिवस विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा दिए गए राजनांदगांव रत्न सम्मान पर खुशी जाहिर करते सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति छत्तीसगढ़ के प्रांतीय पदाधिकारी एवं जिला ग्राम भारती राजनांदगांव, दुर्ग, बालोद एवं कबीरधाम जिले के पदाधिकारियों द्वारा अशोक लोहिया को शाल, श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। जिला ग्राम भारती राजनंदगांव के कोषाध्यक्ष तिलक सिन्हा के अनुसार सरस्वती शिशु मंदिर में ग्राम भारती के चार जिलों दुर्ग, बालोद, कबीरधाम एवं राजनांदगांव जिले की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित थी। बैठक में जिला ग्राम भारती के उपाध्यक्ष अशोक लोहिया भी उपस्थित हुए। बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष ठाकुरराम कुर्रे को जैसे ही यह जानकारी मिली कि जिला उपाध्यक्ष अशोक लोहिया को गत दिवस राजनांदगांव की विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं द्वारा राजनांदगांव रत्न से सम्मानित किया गया है, उन्होंने स्थानीय सचिव को बाजार भेजकर शाल एवं श्रीफल मंगवाया। बैठक समापन के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष ठाकुरराम कुर्रे, प्रांतीय सह-सचिव सुदामाराम साहू, प्रांतीय कार्यसमिति सदस्य रतनलाल चक्रधर एवं तिलक सिन्हा, सह प्रांत प्रमुख चिंताराम साहू, प्रांतीय कार्यालय प्रमुख भूषण कश्यप, जिला ग्राम भारती राजनांदगांव अध्यक्ष बूंदा वर्मा, जिला समन्वयक पूनमचंद साहू, कबीरधाम जिला सचिव अर्जुन वर्मा, उपाध्यक्ष नेमसिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष अनिल गुप्ता, जिला समन्वयक जलेश साहू, बालोद जिला अध्यक्ष जगेश्वर साहू, सचिव नरेंद्र साहू, जिला समन्वयक दीपक हिरवानी, दुर्ग जिला समन्वयक शत्रुहन देवांगन, अर्जुनी विद्यालय के अध्यक्ष हंसराज सोनकर, सचिव अलखराम साहू, सदस्य हेमराय सिन्हा, प्रधानाचार्य दामन जोशी ने श्री लोहिया को तिलक लगाकर व शाल, श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया।

प्रांतीय अध्यक्ष ठाकुरराम कुर्रे ने कहा कि श्री लोहिया को राजनांदगांव रत्न से सम्मानित करना सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति छत्तीसगढ़ के लिए गौरव की बात है। उन्होंने लोहिया के दीर्घायु होने की कामना की।

---

# ब्लॉक महिला कांग्रेस में अध्यक्ष पद पर की गई नियुक्तियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष फुलोदेवी नेताम, विधायक यशोदा वर्मा व विधायक हर्षिता स्वामी बघेल की अनुशंसा से जिला महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आरती महोबिया ने जिले के विभिन्न ब्लॉकों में महिला कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति की है। जिसमें खैरागढ़ शहर में अनुभा चंद्राकर व ग्रामीण से हेमकल्याणी तोड़े को, छुईखदान ब्लॉक मे कविता जंघेल व गंडई ब्लॉक में हेमलता ठाकुर को सहित वनांचल क्षेत्र साल्हेवारा से अमरिका यादव और मुढ़ीपार मे संतोषी सेन को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अध्यक्षों की नियुक्ति के साथ ही जिला महिला कांग्रेस कमेटी का विस्तार करते हुए आरती महोबिया ने आरती यादव, प्रियंका जंघेल, रेणुका हिरवानी, रूखमणी देवांगन, खेमेश्वरी वर्मा व द्रोपती वर्मा को उपाध्यक्ष, पार्तिका महोबिया, धनेश्वरी जंघेल, नसीमा मेमन, ममता राजेश पाल, गंगोत्री वर्मा व ममता साहू को महामंत्री की जिम्मेदारी दी है। सचिव पद पर पुष्पा कोसरे, डॉ किरण झा, जानकी मेरावी, सुधा चंदेल, विनीता जंघेल, भानबती सिन्हा, सुमन पटेल, राजेश्वरी अग्रवाल व श्रीमती अनुसूईया नगपुरे को मनोनीत करने के साथ ही कार्यकारिणी सदस्यो के रूप में शारदा जंघेल, शांतिबाई पटेल, जानकी बंजारे, अन्नपूर्णा जंघेल, तरूण साहू, रेखा जंघेल, जमुना जंघेल, चंद्रिका वर्मा, देवकुमारी सिन्हा, अनिता वर्मा, माधुरी नेताम, दुलेश्वरी वर्मा, सीता वर्मा, राधिका वर्मा, रामबाई भांडेकर, अंजू श्रीवास्तव व वेदकुमारी निषाद को शामिल किया है।

#### बनाए गए विशेष आमंत्रित सदस्य

कमेटी में विशेष आमंत्रित सदस्य विधायक यशोदा वर्मा, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, पीसीसी मेंबर मोतीलाल जंघेल, गंडई नपं अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो, नीलाम्बर वर्मा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष गजेन्द्र ठाकरे, सेवादल जिलाध्यक्ष देवराज किशोरदास वैष्णव, जिला युकां अध्यक्ष गुलशन तिवारी, जिपं सदस्य निर्मला वर्मा, पूर्व जिपं सभापति विप्लव साहू, पूर्व छुईखदान जनपद अध्यक्ष नीना ताम्रकार, पूर्व जनपद अध्यक्ष लीला मंडावी व नपं गंडई के पूर्व अध्यक्ष चेतन देवांगन, छुईखदान जनपद पूर्व उपाध्यक्ष ललित महोबिया, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष मुरली वर्मा, छुईखदान ब्लॉक अध्यक्ष रामकुमार पटेल, शहर अध्यक्ष भीखमचंद छाजेड़, मुढ़ीपार ब्लॉक अध्यक्ष कोमल साहू, ग्रामीण अध्यक्ष आकाशदीप सिंह गोल्डी, साल्हेवारा ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश साहू, गंडई ब्लॉक अध्यक्ष भिक्षेष यादव, मिहिर झा, रजभान लोधी व पूर्व नपा अध्यक्ष मीरा गुलाब चोपड़ा होंगे।

## सार समाचार

### आकाशवाणी में राजेश का प्रसारण आज



**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल के हिंदी शिक्षक राजेश चौबे के आलेख को आकाशवाणी रायपुर के चिंतन प्रोग्राम में 16 और 18 अप्रैल को प्रातःकालीन सभा में 6.30 बजे प्रसारित किया जाएगा। इस आलेख को रेडियो के अलावा मोबाइल में निर्धारित समय में एआईआर रेडियो एप डाउनलोड करके आकाशवाणी रायपुर में क्लिक करके भी सुन सकते हैं। प्राचार्य डॉ. मधु पी. चौधरी, चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, अजय सिंगी, नरेंद्र कोटड़िया सहित युगांतर परिवार ने राजेश को बधाई दी है।

### 11वीं से ह्यूमैनिटी सब्जेक्ट /आट्र्स की पढ़ाई प्रारंभ

**राजनांदगांव।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में नवीन शैक्षणिक सत्र 2025 -26 से 11वीं कक्षा में विज्ञान, गणित, वाणिज्य के साथ अब ह्यूमैनिटी सब्जेक्ट /आट्र्स ( कला संकाय) की कक्षाओं को प्रारंभ किया गया है। कक्षा 11वीं में बहुत समय से पालकों एवं बच्चों द्वारा आग्रह किया जा रहा था, इसलिए इस वर्ष से ह्यूमैनिटी सब्जेक्ट प्रारंभ किया जा रहा है, जो भविष्य में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बहुत अधिक आवश्यक होगा, जो बच्चे ह्यूमैनिटी सब्जेक्ट लेकर आगे की पढ़ाई करना चाहते हैं, वह संस्था में शीघ्र प्रवेश ले सकते हैं, क्योंकि कक्षा 11वीं में सीटें सीमित है। इस कक्षा के लिए विशेष शिक्षकों की नियुक्ति शाला में की गई है। नए सत्र से बच्चों एवं पालकों की सहभागिता भी प्रशंसनीय है। " ह्यूमैनिटी " सिर्फ एक विषय ही नहीं है, मनुष्य जीवन को समझाती एक कड़ी है। जिसमें प्रत्येक व्यक्ति का व्यक्तित्व उजागर होता है। ह्यूमैनिटी सब्जेक्ट को पाठ्यक्रम में लाकर शाला द्वारा बच्चों में परस्पर सहानुभूति की भावना जागृत करना है, ताकि बच्चे समाज, परिवार, शाला व देश में अपनी ख्याति प्राप्त कर सके। गुणों एवं अवगुणों की व्याख्या उसके अंतर आज सभी को जानने की आवश्यकता है। इसी भाव की पहल करते शाला में विषय के रूप में ह्यूमैनिटी सब्जेक्ट को प्रारंभ किया जा रहा है। शाला में उच्च अध्ययन हेतु विज्ञान, गणित, वाणिज्य, कला संकाय के साथ पीडब्ल्यू की नियमित कक्षाएं 01 अप्रैल से शुरू हो गई है।

### युगांतर में मनी आम्बेडकर जयंती

**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल में अम्बेडकर जयंती मनी। प्राचार्य डॉ. मधु पी. चौधरी ने अम्बेडकर के सिद्धांतों का महत्त्व बताया। उन्होंने



अम्बेडकर के समरसता के सिद्धांत की विस्तार से व्याख्या की। विद्यालय के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, अजय सिंगी, नरेंद्र कोटड़िया, हिंदी विभागाध्यक्ष वीएन राय, पीआरओ स्पोट्र्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह सहित युगांतर परिवार ने जयंती की बधाई दी है। उन्होंने कहा कि अम्बेडकर के सिद्धांत विश्व में समरसता स्थापित करने आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने विश्व समुदाय से अम्बेडकर के सिद्धांत पर चलने का आह्वान किया है।

### बजरंग बने राजपूत महासभा के अध्यक्ष




**राजनांदगांव।** राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ रहटादह (पं.क्र.1282) का त्रिवार्षिक चुनाव बीते दिनों भिलाई में संपन्न हुआ। जिसमें बजरंग सिंह बैस केंद्रीय अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए। मिली जानकारी के अनुसार महासभा के 13 पदों के लिए हुए चुनाव में बजरंग पैनल के 10 और होरी-अजय पैनल के तीन उम्मीदवार विजयी घोषित किए गए। अध्यक्ष पद के लिए बजरंग सिंह बैस ने त्रिकोणीय मुकाबले में अपने निकटतम प्रतिद्वंदी होरी सिंह डोड़ को 66 मत से पराजित किया।

श्री बैस को 829 और श्री डोड को 763 मत प्राप्त हुए। केंद्रीय महिला अध्यक्ष पद के लिए रश्मि सिंह राजपूत ने सीधे मुकाबले में डॉ. मंजू सिंह को 37 मत से पराजित किया। रश्मि सिंह को 153 और डॉ. मंजू सिंह को 116 मत प्राप्त हुए। केंद्रीय महिला सचिव पद पर मधुबाला सिंह निर्वाचित हुई। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी छाया देवेंद्र सिंह को 20 मत से पराजित किया। युवा अध्यक्ष के लिए अनुराग सिंह ने सीधे मुकाबले में अंकित सिंह को 9 मत से पराजित किया। अनुराग सिंह को 125 और अंकित सिंह को 116 मत प्राप्त हुए। युवा सचिव पद पर महेंद्र सिंह ने देवेश सिंह को 13 मत से पराजित किया। महेंद्र सिंह को 122 और देवेश सिंह को 109 मत प्राप्त हुए। देर रात परिणामों की घोषणा के उपरांत नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

### मनाया गया 7वां वर्षगांठ




**राजनांदगांव।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर सिंघोला ब्लॉक घुमका में आयुष्मान आरोग्य मंदिर के 7वां वर्षगांठ मनाया गया। स्वास्थ शिविर का आयोजन सीएमएचओ डॉ. नेतराम नवरत्न, बीएमओ डॉ. नंदकिशोर टंडन, डीपीएम संदीप ताम्रकार, बीपीएम शेखर नागवंशी के दिशा-निर्देशन एवं मार्गदर्शन में संस्था प्रभारी व सीएचओ अमित कुमार पारधी द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सिंघोला सरपंच मुकेश साहू व जनपद सदस्य खुशबू साहू समेत क्षेत्र की सभी मितानिन उपस्थित रही।

पृष्ठ 11 का शेष

### पिकनिक से लौट रहे...

126(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत मुकदमा पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**मुचलका पर रिहा-** इस मामले में बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई करते आरोपी की पतासाजी हेतु टीम रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा आरोपी रितेश उर्फ लारो यादव, मुरली ठाकुर एवं विधि के विरूद्व संघर्षरत बालक को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जो जुर्म करना स्वीकार किया गया। विधि के विरूद्व संघर्षरत बालको को सामाजिक पृष्ठ भूमि तैयार, उनके परिजनों को सुपुर्द किया तथा आरोपीगणों को गिरफ्तार कर जमानत मुचलका पर रिहा किया गया।

## अटल डिजीटल सुविधा केंद्र का शुभारंभ 24 को

# आवास प्लस 2.0 में नाम जोड़ने का विशेष पखवाड़ा आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 14 अप्रैल डॉ. भीमराव आम्बेडकर जयंती एवं सामाजिक समरसता दिवस कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से जिला पंचायत सभाकक्ष में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा भी वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, कलेक्टर संजय अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, बौद्ध कल्याण समिति राजनांदगांव अध्यक्ष कांति कुमार फुले, डॉ. केएल टांडेकर, सिद्धार्थ चौरे, नीतेश रामटेके, दीपक कोटांगले, प्रहलाद फुले, रामकुमार वाल्दे वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

जिपं अध्यक्ष श्रीमती वैष्णव ने कहा कि जयंती अवसर पर उनके द्वारा देशहित में किए गए कार्यों को स्मरण करने हम सभी उपस्थित हुए है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब विश्व के चुनिंदा बुद्धिमान व्यक्तियों में शामिल हैं। उन्होंने ऐसे संविधान का निर्माण किया। जिसके कारण एकता, अखंडता और संप्रभुता के साथ हमारा राष्ट्र निरंतर आगे बढ़ रहा है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू ने कहा कि बाबा साहेब ने बहुत संघर्ष करते समाज के सभी वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किया। बाबा साहेब को भारतीय संविधान के शिल्पकार के रूप में याद किया जाता है।

इस अवसर पर अंगेश्वर देशमुख, शीला टाकेश सिन्हा, विभा साहू, प्रंशात कोड़ापे, खूबचंद पारख, कोमल सिंह राजपूत, भरत वर्मा, रविन्द्र वैष्णव, राजेन्द्र गोलछा, सिद्धार्थ चौरे, नीतेश रामटेके, दीपक कोटांगले, प्रहलाद फुले, रामकुमार वाल्दे सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



### हर व्यक्ति को मिले शक्ति का अधिकार

कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि भारत रत्न बाबा साहेब ने हमारे देश का लिखित संविधान बनाया है। इस संविधान में देश के एक-एक व्यक्तियों को अपनी शक्ति एवं अधिकार मिले हैं। इस संविधान के तहत सभी को एक समान अधिकार मिला है। बौद्ध कल्याण समिति राजनांदगांव अध्यक्ष कांति कुमार फुले ने कहा कि बाबा साहब ने संपूर्ण जीवन समाज और देश को दिया। उन्होंने बाबा साहब के समाज के प्रति विचारों के संबंध में जानकारी दी। बौद्ध समाज के प्रमुख डॉ. केएल टांडेकर ने भी भारत रत्न बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### डिजीटल सुविधा के लिए एमओयू

कार्यक्रम की शुरूआत संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर की गई। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने सभी को भारत के संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया। डॉ. आम्बेडकर जयंती एवं सामाजिक समरसता दिवस पर जिले के 40 ग्राम पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केन्द्र के लिए ग्राम पंचायत के सरपंच और सीएससी के व्हीएलई सर्विस प्रदाता के मध्य एमओयू किया गया। इसके साथ ही ग्राम पंचायतों में 24 अप्रैल को पंचायत राज दिवस पर अटल डिजीटल सुविधा केन्द्र के शुभारंभ की जानकारी प्रदान किया गई। जिले में पात्र परिवार को आवास प्लस 2.0 में नाम जोड़ने विशेष पखवाड़ा मोर दुवार, साय सरकार महाअभियान के तहत 15 से 30 अप्रैल तक सर्वेक्षण किया जाना है। प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत आवास एम्बेसडर नियुक्त किया गया है एवं आने वाले समय में शत-प्रतिशत ग्राम पंचायतों में आवास एम्बेसडर नियुक्त किए जाने के संबंध में जानकारी दी गई।

## शोभायात्रा का स्वागत



**राजनांदगांव।** बाल रत्न मंच सेवा समिति ने भक्त शिरोमणि हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। स्वागत समारोह में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने हनुमान भक्तों का स्वागत किया। बाल रत्न मंच सेवा समिति के सचिव सौरभ खंडेलवाल एवं कोषाध्यक्ष मयंक कृष्णा शर्मा ने बताया कि संस्कारधानी राजनांदगांव की सेवाभावी संस्था बाल रत्न मंच सेवा समिति परिवार ने हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा का भव्य पुष्पवर्षा की बरसात करते गुड-चना महाप्रसाद एवं 151 किलो अंगूर फल भोग सवामणि महाप्रसाद एवं शीतल ठंडा जल वितरण से शोभायात्रा में शामिल भक्तों का भव्य स्वागत श्याम कुटी दरबार के नीचे रामाधीन मार्ग से किया। स्वागत समारोह में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, संतोष अग्रवाल, सचिन बघेल, कमल गांधी, शैंकी बग्गा ने हनुमान भक्तों का स्वागत किया। बाल रत्न मंच सेवा समिति की ओर से अध्यक्ष राहुल अग्रवाल व सचिव सौरभ खंडेलवाल द्वारा आयोजन समिति के झमन देवांगन, अशोक चौधरी, प्रशांत सोनी, अरुण गुप्ता, विष्णु साव का स्वागत स्वागत किया। उक्त जानकारी सौरभ खंडेलवाल एवं रितेश यादव ने दी।

## देश का आर्थिक विकास बेहतरीन ढंग से : मिश्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष योगेशदत्त मिश्रा अपनी नई नियुक्ति के बाद से लगातार मजदूरों व नागरिकों के बीच बधाई लेने व स्वागत कार्यक्रमों में व्यस्त है। रायपुर स्थित उनके कार्यालय में प्रदेशभर से मजदूर क्षेत्र में काम करने वाले कार्यकर्ता उन्हें बधाई देने पहुंच रहे हैं। वहीं भिलाई व राजनांदगांव में अनेक कार्यक्रमों में उनका स्वागत सत्कार हो रहा है। बड़ी संख्या में निर्माण मजदूर संघ राजनांदगांव के कार्यकर्ता उन्हें बधाई देने पहुंचे। फूल-मालाओं और शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया।

भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री व मजदूर नेता नरेश कुमार साहू ने बताया कि जिले के कामगार साथियों को संबोधित करते योगेशदत्त मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र को वैभव की ओर ले जाने की नीतियों पर काम कर रहे हैं। एक ओर जहां देशभर में विकास की ऐतिहासिक रफ्तार देखने को मिल रही है। वहीं विश्व पटल पर भी उनकी सूझबूझ व उनके कार्य करने के तरीके का लोहा माना जा रहा है। "ट्रम्प टैरिफ" के बाद विश्व में आए भूचाल के बीच कोई देश मजबूती के साथ खड़ा है तो अपना देश भारत है, आर्थिक बुलंदियों की ओर आगे आ रहे देश के नागरिकों को इसका पूरा लाभ मिलेगा। इस दौरान नरेश साहू, गजानंद मिश्रा, गोपाल दास साहू, जयप्रकाश साहू, तुलाराम वर्मा, केशवराम सिन्हा, योगेश साहू, चंद्रशेखर साहू, चेतन साहू, मणिराम साहू, विष्णुराम साहू, लोमश कुमार वर्मा, भारती शर्मा, धनेश्वरी साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हनुमान जयंती पर पूजा-अर्चना...





**राजनांदगांव।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर सुकुलदैहान के समीपस्थ ग्राम पेण्डरी में श्री हनुमान मंदिर में विधि विधान से पूजा अर्चना एवं हवन किया गया। इस मौके पर भंडारा का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

## सर्व यादव समाज ने जताया आक्रोश ज्ञापन सौंपकर फांसी देने की मांग

**राजनांदगांव।** छह वर्षीय बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म और उसकी हत्या के मामले को लेकर सर्व यादव समाज द्वारा आक्रोश व्यक्त करते कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर आरोपी को फांसी देने की मांग की है। बीते रविवार को दुर्ग जिले में यादव समाज की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या के मामले को लेकर सर्व यादव समाज द्वारा आक्रोश व्यक्त करते कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन के माध्यम से कहा है कि दुर्ग जिले के ओम नगर क्षेत्र में मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले का खुलासा हुआ है। दुर्ग पुलिस के अनुसार आरोपी ने घर के छत पर बने कमरे में इस घटना को अंजाम दिया है, क्योंकि उस समय बुआ-दादी भजन-पूजन के लिए मंदिर गई थी, तभी मौका पाकर आरोपी ने घटना को अंजाम दिया और उसकी हत्या कर दी।

# अवैध रूप से शराब बिक्री, पुलिस ने आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अवैध रूप से शराब बिक्री करने के लिए ग्राहक की तलाश में खड़े आरोपी को पुलिस ने मौके पर पकड़ा। जिससे मोपेड सहित बीयर एवं देशी शराब बरामद कर कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले में चलाए जा रहे अवैध शराब बिक्री, शराब परिवहन की रोकथाम के विरूद्ध अभियान के तहत लालबाग पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि रेवाडीह अमोरा होटल के पास भूपेन्द्र सिन्हा नामक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री करने हेतु ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी लालबाग प्रशिक्षु भापुसे ईशु अग्रवाल के नेतृत्व में थाना पेट्रोलिंग स्टाफ होटल अमोरा रेवाडीह के पास पहुंचकर घेराबंदी कर एक व्यक्ति को पकड़ा गया, जो नाम पूछने पर अपना नाम भूपेन्द्र सिन्हा 50 वर्ष निवासी ग्राम बधियाटोला थाना डोंगरगढ़ का होना बताया।



### बीयर व देशी शराब सहित मोपेड जब्त

आरोपी के कब्जे से कपड़े के थैले एवं प्लास्टिक बोरी में रखे 18 बोतल बीयर, 10 नग देशी पौवा एवं 35 नग मसाला देशी पौवा शराब कीमती 10050 रुपए व नगदी रकम 200 रुपए एवं एक्टिवा स्कूटी को आरोपी के कब्जे से जब्त किया गया। आरोपी द्वारा किया गया यह कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पाए जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट कायम कर वैधानिक कार्रवाई पश्चात ज्युडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया।

# बाबा के बताए मार्ग का करें अनुशरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर परिसर में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई।

इस अवसर पर सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, शिव वर्मा, राजा माखीजा, रविंद्र रामटेके, रवि सिन्हा, कांति कुमार फुले, निलेश रामटेके, विनोद श्रीरंगे, श्रीमती केवरा, तृप्ति शांति पात्रे, वीणा ध्रुव सहित अन्य लोग शामिल थे। अतिथियों ने संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर बुद्धम शरणम गच्छामि के जयकारे लगाएं।

मुख्य अतिथि सांसद पांडे ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संविधान के मात्र निर्माता ही नहीं,



सबसे बड़ा काम किया है। जैसे हम चलते हैं कि हमको कहा जाता है की बांई ओर मुड़ना है, बाई चलना है, विपरीत मार्ग में चलने का भी नियम है। इस देश में एक एक बारीक नियम बनाने का वो काम बाबा साहेब अंबेडकर ने किया है और यह देश उसी पर चल पड़ा है।

महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि समाज में जो पीछे रह गए हैं, उन्हें बराबरी में लाने का काम करना है। बाबा साहेब अंबेडकर ने भारत के नागरिकों को समान अधिकार दिया है। समाज का हर व्यक्ति बराबरी का भाव महसूस करे, यह काम समाज में करना है। केवल आपके समाज को नहीं, बल्कि अन्य समाज को भी यह काम करना है, वही बाबा साहब अंबेडकर के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# हिन्दू युवा मंच और मार्निंग क्लब बना विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

काका फुटबॉल क्लब के तत्वाधान में स्थानीय स्टेट हाईस्कूल में आयोजित 7-ए साइड रात्रिकालीन फुटबॉल प्रतियोगिता के रविवार तीसरे दिन 3 मैच खेले गए। जिसमें पहला मैच हिन्दू युवा मंच विरुद्ध हरिओम ऑटो के मध्य खेला गया। हिन्दू युवा मंच द्वारा 4-0 से जीत हासिल की।

दूसरा मैच राजनांदगाव फुटबॉल एसोसिएशन विरुद्ध मॉर्निंग इलेवन के मध्य खेला गया। जिसमें माध्यन्तर तक मॉर्निंग क्लब 1-0 से बढ़त बनाए रखी। दूसरे हाफ में राजनांदगांव फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा गोल कर स्कोर 1-1 बराबर कर दिया। मैच के अंतिम समय में मॉर्निंग क्लब के गोल ने स्कोर 2-1 हो गया। यही स्कोर अंतिम रहा और दूसरे मैच में मॉर्निंग क्लब विजेता बनी। तीसरा व अंतिम मैच अपना मार्ट विरुद्ध सुपर स्ट्राइकर्स के मध्य खेला गया। जिसमें सुपर स्ट्राइकर्स के युग द्वारा किए गए पहले हाफ में 1 गोल से बढ़त बनाई। दूसरे



हाफ में पूर्वांश के मैदानी गोल ने स्कोर बराबरी पर कर दिया। यही स्कोर अंतिम रहा और मैच बराबरी पर छूटा। इस तरह दोनों टीमों को बराबर अंक दिए गए। इस दौरान प्रतियोगिता के आयोजनकर्ता सोनू वर्मा, अजय ज्ञानचंदानी और उनकी पूरी टीम उपस्थित थी। तीनों मैच के रेफरी कृष्टोफर व मयूर हथेल थे तथा टेक्निकल टेबल पर डॉ. एमटी भद्र ने अपनी सेवाएं दी।

### आज खेले जाएंगे चार मैच

कल मंगलवार 15 अपैल को 4 मैच खेले जाएंगे। जिसमें पहला मैच पीएचआर विरुद्ध एनआईबीएस बोरी, दूसरा मैच राजनांदगांव फुटबॉल एसोसिएशन विरुद्ध अमृत स्ट्राइकर्स, तीसरा मैच आरकेसी विरुद्ध हरिओम ऑटो और चौथा मैच अपना मार्ट विरुद्ध मॉर्निंग इलेवन के बीच होगा।



## खबर संक्षेप

### पिपरिया में मनोकामना ज्योत-जंवारा-ज्योति कलश विसर्जित की गई, उमड़ी भक्तों की भारी भीड़




**हरिभूमि पिपरिया।** नगर पंचायत पिपरिया में सोमवार को श्री सिद्धपीठ ठाकुरदेव मंदिर में कुल 68 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किया गया। वहीं ग्राम पण्डा व भक्तजनों द्वारा प्रतिदिन विधि-विधान से पूजा अर्चना कर, जसगीत भजन से माता रानी की सेवा किया गया। वहीं रविवार को महाअष्टमी पर्व पर हवन- पूजन के साथ कन्या भोज व भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ तथा भक्तजन उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। श्री सिद्धपीठ ठाकुर देव मंदिर में 68 मनोकामना ज्योति ज्वांरा कलश नगर भ्रमण करते हुए स्थानीय तालाब में विसर्जित किया गया। जिसमें मुख्य पण्डा श्रवन साहू, टेकराम साहू, बालपण्डा गोपाल साहू, विष्णु दास, लाला निर्मलकर, विक्रम निर्मलकर, वीरु यादव व ग्रामीण जन महेश साहू, यशवन्त साहू, संजय साहू, सतपाल चौहान का विशेष सहयोग रहा साथ ही साथ ग्रामीण जन गनपत गुप्ता, हरि साहू, सोमनाथ साहू, रेवा साहू, कमलकांत नाविक, सेवक युगेंद्र निर्मलकर, महेश संजय साहू, किशोर, युगल, दीपक, गज्जू धुर्वे, भरत चौहान, राजू मानिकपुरी, जितेन्द्र साहू, भुरू साहू सहित ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

### नवापारा में हनुमान की पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया



**हरिभूमि कोलेगांव।** ग्राम पंचायत पेण्ड्रीकला के आश्रित ग्राम नवापारा में श्री हनुमान जी महाराज जयंती के पावन अवसर पर ग्राम नवापारा में सरपंच श्रीमती सरिता अजय चंद्राकर, सूरज चन्द्राकर, प्रधान पाठक बैजनाथ चन्द्राकर, नरेंद्र चन्द्राकर के सहयोग से श्री हनुमान जी महाराज मंदिर में विधि विधान से पूजा-अर्चना व हनुमान चालीसा पाठ किया गया तत्पश्चात ग्रामीणो व भक्तजनों को हलवा व केला का प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान अरुण, छोटेलाल, मुकेश, प्रदीप, जलेश्वर, सुरेश, पेखन, कुशल, जीवन, बबलू, जगमाल, भुनेश्वर, सुखचैन, कमलेश, रवि, साहिल, आयूष, महेश, ईश्वर, भुरवा, रमा बंटी, सुदर्शन, मानु, प्रियांशु, शुभम, संदीप, भागवत, दीप, चीकू, लेखराम, महेश सहित समस्त ग्रामवासी गण उपस्थित थे।

### बरबसपुर में तीन दिवसीय भव्य सतनाम मेला-चौका-मंगल आरती व पंथी नृत्य का आयोजन



**हरिभूमि बरबसपुर।** विकासखंड कवर्धा के अंतर्गत ग्राम बरबसपुर में तीन दिवसीय सतनाम मेला-चौंका मंगल आरती व पंथी नृत्य का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसमें समाज के द्वारा तीन दिवसीय सतनाम मेला का आयोजन व कार्यक्रम का प्रारंभ बाबा गुरु घासीदास के सत्य व अहिंसा के प्रतीक जोड़ा जैतखाम व गुरु गद्दी अमर ज्योति कलश की विधि विधान से पूजा अर्चना व आरती कर सतनाम मेला का शुभारंभ किया गया। इस तीन दिवसीय सतनाम भजन व सांस्कृतिक कार्यक्रम में बाबा गुरु घासीदास के उपदेश एवं संदेशों, मनखे-मनखे एक समान व गुरु की अमर वाणी को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में प्रियंका दीदी व साधु, संत-महंत एवं समाज के वरिष्ठ नागरिक द्वारा सतनाम मेले में पहुंचकर सत्य-अहिंसा के प्रतीक जोड़ा जैतखाम और गुरु गद्दी अमर ज्योति-कलश की आशीर्वाद प्राप्त कर गुरु बाबा घासीदास के बताए हुए रास्ते पर चलने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया गया।

### डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती को जिले में सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया गया

# डॉ. आंबेडकर के विचार आज भी हमारे लिए प्रेरणा स्रोत है: मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

सोमवार को भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर पूरे प्रदेश में सामाजिक समरसता दिवस के रूप में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए और कार्यक्रम को संबोधित किया।

जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित सामाजिक समरसता कार्यक्रम में जिले से पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, गौसेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल, कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, कलेक्टर गोपाल वर्मा, पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, जिला पंचायत सीईओं सहित जनप्रतिनिधियों वर्चुअल माध्यम से जुड़े। मुख्यमंत्री श्री साय और उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने संविधान निर्माता बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके अमूल्य योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि डॉ अंबेडकर ने समाज में समानता और न्याय की स्थापना के लिए आजीवन संघर्ष किया और उनके विचार आज भी हमारे लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने सभी को अंबेडकर जयंती की शुभकामनाएं देते हुए उनके योगदान को देश के लोकतंत्र की नींव बताया। डॉ अंबेडकर का जीवन संघर्ष और उनके विचार आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। उनका योगदान केवल संविधान निर्माण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्होंने सामाजिक सुधार, शिक्षा के प्रचार-प्रसार और दलितों व वंचितों के अधिकारों के लिए भी अभूतपूर्व कार्य किया। कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण की महत्ता के बारे में बताया गया। भूमिगत जल स्तर में गिरावट की समस्या को देखते हुए स्थानीय स्तर पर जल संरक्षण उपायों को अपनाने पर जोर दिया गया। जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित सामाजिक समरसता कार्यक्रम में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा सहित उपस्थित नागरिकों ने संविधान के प्रस्तावना का पठन किया। इसके साथ ही जल संरक्षण के लिए उपस्थित गणमान्य नागरिकों को शपथ दिलाई गई। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना में बेहतर कार्य करने और प्रचार प्रसार के लिए चारो विकासखंड के 10-10 कुल 40 पंचायतों के पंचायत एम्बेस्डर को शाल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। सामाजिक समरसता कार्यक्रम में उपस्थित विभन्न समाज के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास और डिजिटल इंडिया अभियान को गति देने के उद्देश्य से जिले की 48 ग्राम पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र की स्थापना की जा रही है। इसके लिए आज ग्राम पंचायतों के सरपंचों को सीएससी सेवा प्रदाताओं के मध्य ओएमयू किया गया।

### समाज के वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए आजीवन संघर्ष किया : विधायक




विधायक भावना बोहरा ने भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए समस्त नागरिकों को बधाई दीं। उन्होंने कहा कि डॉ अंबेडकर ने सामाजिक न्याय, समानता और लोकतंत्र के सिद्धांतों को मजबूत करने में अमूल्य योगदान दिया है। विधायक ने कहा कि बाबा साहब का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने न केवल संविधान निर्माण में अहम भूमिका निभाई, बल्कि समाज के वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए आजीवन संघर्ष किया। उनकी विचारधारा आज भी हमें सामाजिक समरसता और समान अधिकारों की राह पर चलने के लिए प्रेरित किया।

### डॉ. आंबेडकर जयंती पर चलाया स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶पिपरिया

नगर पंचायत पिपरिया में भारत के संविधान निर्माता एवं भारत रत्न से सम्मानित डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पर नगर पंचायत पिपरिया स्थित शंकर तालाब की साफ सफाई कार्य तथा नगर के व्यापारियों को डस्टबिन वितरण किया गया। स्वच्छता अभियान के अवसर पर श्री साहू ने अपने उद्बोधन में भारत के संविधान निर्माता डॉ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा किए गए प्रयासों का विस्तार से वर्णन किया गया। उक्त अवसर पर नपं उपाध्यक्ष शिवचरण पटेल ने अपना विचार प्रकट करते हुए भारत के संविधान पर अपनी आस्था एवं लोगों को संविधान के प्रति सदैव तत्पर रहने एवं आम लोगों में जागरूकता लाने की बात कही। इस दौरान पार्षद गण सोम पटेल, राजेन्द्र गुप्ता, कमलकांत नाविक, चित्रबाहू देवांगन, प्रेम लाल साहू, रवीन्द्र देवांगन, राजेन्द्र नाविक, नंद पाटिला, नरेश साहू, रामजी कुर्रे, वरिष्ठ समाज सेवी पुन्नी यादव साथ ही साथ मुख्य नगर पालिका अधिकारी योगेश्वर नेताम एवं अधिकारी-कर्मचारी व ग्रामीण गण उपस्थित थें।

## जिले के खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय मंच पर लहराया तिरंगा, एसपी ने किया सम्मानित

### युवाओं की मेहनत, समर्पण व लगन आज सबके लिए प्रेरणास्रोत



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के होनहार खिलाड़ियों ने नेपाल के पोखरा शहर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय बॉडी बिल्डिंग और वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत का परचम बुलंद किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने सभी विजेता खिलाड़ियों को पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। एसपी धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि इन युवाओं की मेहनत, समर्पण और लगन आज हम सबके लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। इनकी उपलब्धि से न सिर्फ हमारा जिला, बल्कि पूरे प्रदेश और देश का नाम रौशन हुआ है। पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने कहा कि खेल केवल शारीरिक शक्ति का प्रदर्शन नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, धैर्य और आत्मविश्वास का प्रतीक है। जिले के युवाओं ने अंतर्राष्ट्रीय मंच पर जो सफलता प्राप्त की है, वह यह दर्शाता है कि अगर संकल्प और सही मार्गदर्शन हो, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।

### सात देशों के बीच कबीरधाम के खिलाड़ियों का दबदबा

अंतर्राष्ट्रीय संयुक्त भारतीय खेल संघ द्वारा 3 से 7 अप्रैल तक नेपाल के पोखरा में आयोजित इस प्रतियोगिता में भारत सहित पाकिस्तान, भूटान, बर्मा, श्रीलंका, बांग्लादेश और नेपाल जैसे कुल सात देशों के 300 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। भारत की ओर से छत्तीसगढ़ राज्य के कबीरधाम जिले के चार खिलाड़ियों ने भाग लेकर शानदार प्रदर्शन किया। जिले के सूरज राजपूत ने बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में सात देशों के प्रतिभागियों को पछाड़ते हुए इंटरनेशनल मिस्टर ओवरऑल का खिताब अपने नाम किया। इससे पहले भी वे मिस्टर छत्तीसगढ़, सीनियर नेशनल बॉडीबिल्डिंग और पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुके हैं। श्री राजपूत वर्तमान में कबीरधाम के भारत हेल्थ क्लब में कोच की भूमिका में रहते हुए लगभग 50 खिलाड़ियों को निःशुल्क प्रशिक्षण दे रहे हैं। कवर्धा की पहली महिला वेटलिफ्टर दीपाली सोनी ने 76 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर जिले का मान बढ़ाया। इससे पहले वे राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भी पदक जीत चुकी हैं। उनकी इस उपलब्धि से जिले की बेटियों को एक नई प्रेरणा मिली है। पुरुषों के 67 किलोग्राम वर्ग में सब-जूनियर श्रेणी के अभिषेक तिवारी ने वेटलिफ्टिंग में स्वर्ण पदक हासिल किया। वे पूर्व में स्कूल नेशनल गेम्स में भी पदक जीत चुके हैं। वहीं 14 वर्षीय अनुराग जांगड़े ने 109 किलोग्राम वर्ग में सब-जूनियर वेटलिफ्टिंग में स्वर्ण पदक जीतकर भविष्य की एक बड़ी उम्मीद बनकर उभरे हैं। इन सभी खिलाड़ियों के प्रशिक्षक सूरज राजपूत हैं, जो वर्षों से खिलाड़ियों को निःशुल्क प्रशिक्षण देकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तैयार कर रहे हैं। उनका योगदान जिले के खेल विकास में अनुकरणीय है।

## भाजपा मण्डल कुण्डा ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती मनायी

- डॉ अंबेडकर के छायाचित्र में फूल-माला माल्यार्पण किया।



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा

भाजपा मण्डल कुण्डा ने भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया एवं मिठाई बाट कर संविधान गौरव अभियान के रूप में मनाया । भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के आदेशानुसार एवं जिला भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के निर्देशानुसार भाजपा मण्डल कुण्डा अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में सोमवार को भाजपा मण्डल कुण्डा मुख्यालय में संचालित जनसेवा ही भावना सुविधा केंद्र में बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर जयंती मनाया गया। कार्यक्रम के पूर्व बाबा साहब डॉ अंबेडकर के छायाचित्र में फूल-माला माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर पूजा अर्चना किया गया। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी ने बाबा साहेब की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर ने न्याय समानता और सशक्तिकरण पर आधारित एक आदर्श राष्ट्र की परिकल्पना की थी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने उनके विचारों को अपनाते हुए सामाजिक और आर्थिक सुधारों की दिशा में अनेक कदम उठाए, उन्होंने कहा ने बाबा साहेब डॉ अंबेडकर के जीवन से जुड़े 5 महत्वपूर्ण स्थलों को पंच तीर्थ के रूप में विकसित किया इनमें जन्मभूमि महू शिक्षा भूमि लंदन दीक्षाभूमि नागपुर महापरिनिर्वाण भूमि दिल्ली और चैत्य भूमि मुंबई शामिल है ये स्थल उनकी यादों और विचारों को संरक्षित करती है। श्री चंद्रवंशी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में डॉ अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र की स्थापना की है जो शोध और समाजिक आर्थिक बदलाव के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में कार्य करता है। इस दौरान मण्डल महामंत्री कृष्णा चंद्राकर, गीताराम साहू एवं उपाध्यक्ष संतोष चंद्रवंशी ने भी बाबा साहेब की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर बालमुकुंद चंद्रवंशी, गीताराम चंद्रवंशी, कृष्णा चंद्राकर, संतोष चंद्रवंशी, मनहरण साहू, परस सिंगरौल, अमन खनूजा, राजू श्रीवास, मुरली चंद्राकर, रवि साहू, परमेश्वर साहू, सूरज यादव, रामकृष्ण वैष्णव, सुधाराम साहू, राजकुमार कश्यप सहित बड़ी संख्या भाजपा मण्डल कुण्डा के कार्यकर्तागण उपस्थित थें।

### कुण्डा में मनायी भारत रत्न डॉ. आंबेडकर की जयंती

**हरिभूमि कुण्डा।** कुण्डा बूथ क्र.184 में संविधान के शिल्पकार भारत रत्न डॉ अंबेडकर की जयंती मनाया गया। जिला भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के निर्देशानुसार भाजपा मण्डल कुण्डा के अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी एवं कार्यक्रम के संयोजक उपाध्यक्ष संतोष चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में बूथ क्र.184 में भाजपा मण्डल कुण्डा में सहित सभी सदस्यों ने बाबा साहेब का जयंती संविधान गौरव के रूप में मनाया।

### गांव-घर-चलो अभियान पर संपूर्ण स्वच्छता अभियान चलाया: दिनेश चंद्रवंशी



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम धनेली में बूथ क्रं-219 में गांव-घर-चलो अभियान में ग्रामीण कार्यकर्ता के साथ बैठक आयोजित किया गया। तत्पश्चात मां महामाया प्रांगण व गांव की गली-मोहल्ले व चौक चौराहों की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। वहीं गांव चलो अभियान में तहत घर-घर जाकर केन्द्र सरकार की योजनाओं को विस्तार से बताया गया। जिसमें कार्यकर्ता गण व ग्राम प्रमुख के साथ भाजपा कार्यकर्ता द्वारा गांव-गली में भाजपा झंडा के साथ यात्रा निकाली गई जिसमे प्रमुख रूप से बूथ प्रवक्ता दिनेश चंद्रवंशी, श्रवण कुमार साहू उपाध्यक्ष भाजपा मंडल कुण्डा, होलीराम चंद्रवंशी, गजाधर साहू, धनवा साहू, कपिल साहू, सनत निर्मलकर, रामजी साहू, बली साहू, मोहित साहू, चैनकुमार निर्मलकर, हेमंत साहू, दुकालहा साहू व कार्यकर्ता तथा ग्रामीण जन उपस्थित थें।

### विधायक भावना ने पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की

## शीतला मंदिर की प्राचीन मूर्ति का नूतन मंदिर में हुआ प्रतिस्थापना



हरिभूमि न्यूज ▶▶रणवीरपुर

ग्राम रणवीरपुर में मां शीतला माता मंदिर में विराजित माता की प्राचीन मूर्ति का सोमवार को नूतन मंदिर में प्रतिस्थापना के अवसर पर पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा शामिल हुई तथा मां शीतला मंदिर में पूजा-अर्चना कर उन्होंने सर्वमंगल की कामना की। इस अवसर पर विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने सहपरिवार एवं ग्रामवासियों के साथ पूरे विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ मां शीतला मंदिर की प्राचीन मूर्ति की पूजा कर नूतन मंदिर में प्रतिस्थापना की गई। इस दौरान ग्रामवासियों और भक्तजनों में भारी उत्साह का माहौल बना हुआ है।

विधायक श्रीमती बोहरा ने कहा कि विगत कई वर्षों से मातारानी की कृपा से हम सभी ग्रामवासियों की आस्था और विश्वास जुड़ा हुआ है। मां शीतला के आशीर्वाद से ही हम सभी के जीवन में खुशी, उत्साह और आपसी स्नेह का संचार होता रहा है। यह हम सभी के लिए एक अत्यंत ही खुशी और उत्सव का अवसर है कि सभी क्षेत्रवासियों के सहयोग और सहभागिता से आज मातारानी की प्राचीन मूर्ति का नव्य-दिव्य और भव्य मंदिर में पूरे विधि-विधान के साथ प्रतिस्थापना हुई है। यह नूतन मंदिर ग्राम रणवीरपुर सहित आस-पास के गांव में निवासरत भक्तों और ग्रामवासियों की आस्था का केंद्र बनेगा, जहां हर भक्तजन अपनी श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मातारानी के दर्शन व पूजन के लिए पधारेंगे। उन्होने कहा कि यह वह स्थान है जहां हम अपने दुखों को भूलकर, अपने मन को शुद्ध करके और अपने कर्तव्यों का स्मरण करके प्रेरणा प्राप्त करते हैं। मां शीतला जो रोगों का नाश करने वाली, शीतलता और आरोग्य प्रदान करने वाली देवी हैं, आज इस नए मंदिर में अपने दिव्य स्वरूप में विराजमान हुई हैं। प्राण-प्रतिष्ठा वह पवित्र अनुष्ठान है, जिसमें वैदिक मंत्रों और विधि-विधान के माध्यम से मूर्ति में दैवीय चेतना का संचार होता है।

### मां की पूजा से हमें शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक शीतलता मिलती है: भावना

श्रीमती बोहरा ने कहा कि यह मूर्ति अब केवल एक शिल्प नहीं, बल्कि मां शीतला का जीवंत स्वरूप होगी, जो हमारी भक्ति का केंद्र बनेगी और हमें आशीर्वाद प्रदान करेगी। मां शीतला की यह प्राचीन मूर्ति हमारे पूर्वजों की श्रद्धा और कला का अनमोल धरोहर है। इसे इस भव्य मंदिर में स्थापित करना हमारी परंपराओं को संरक्षित करने और अगली पीढ़ियों तक पहुंचाने का संकल्प है। यह मंदिर वह स्थान बनेगा, जहां हम अपने मन की शांति, स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए मां के चरणों में प्रार्थना करेंगे। उनकी पूजा हमें न केवल शारीरिक, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक शीतलता भी प्रदान करती है। यह नया मंदिर उनके प्रति हमारी अटूट श्रद्धा का प्रतीक है, जो हमें सदा सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देगा। उन्होने उन सभी कारीगरों, दानदाताओं और भक्तों का हृदय से आभार व्यक्त किया। जिनके अथक प्रयासों और सहयोग से यह मंदिर और यह प्राण प्रतिष्ठा संभव हो सकी।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
- बस्ति
- उत्तर बस्ति
- जानु बस्ति
इत्यादि।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतों की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

समस्या: जब तक मांग पूरी नहीं होती जारी रहे की अनिश्चितकालीन हड़ताल

# मांग को लेकर अड़े पंचायत सचिवों ने शुरू की अब क्रमिक भूख हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

गत 17 मार्च से अपनी एक सूत्रीय शासकीयकरण किए जाने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे प्रदेश सहित जिलेभर के पंचायत सचिवों की मांगों पर अब तक शासन द्वारा किसी प्रकार की कोई पहल व कार्यवाही नहीं किए जाने से नाराज पंचायत सचिवों ने अब भूख हड़ताल शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय कवर्धा में बीते 29 दिनो से जारी पंचायत सचिवों के पण्डाल में सोमवार 14 अप्रैल को हड़ताली पंचायत सचिवों ने पहले बाबा भीम राव अम्बेडकर की जयंती मनाई और फिर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी एक सूत्रीय मांग को लेकर क्रमिक भूख हड़ताल शुरू कर दी। क्रमिक भूख हड़ताल के पहले दिन पंचायत सचिव प्रेम प्रकाश पांडेय, प्रमोद भारत तथा अतुल दिवाकर बैठे। मुख्यालय कवर्धा में बैठे पंचायत सचिवों ने बताया कि पंचायत सचिव इस बार अपनी एक सूत्रीय शासकीयकरण की मांग को लेकर आरपार की लड़ाई का मन बना लिया हैं। उन्होने कहा कि विधानसभा चुनाव 2023-24 में मोदी की गारंटी में पंचायत सचिवों को शासकीयकरण करने का वादा जनघोषणा पत्र में किया गया है। सरकार बनने के 100 दिन के अंदर पंचायत सचिवों का शासकीयकरण किए जाने का भरोसा दिया गया था। परंतु सरकार बनने के 400 से अधिक दिन होने के बाद भी अभी तक मोदी की इस गारंटी को पूरा करने किसी भी प्रकार की ठोस पहल नहीं की गई है। बीते 29 दिनो से अपनी मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे पंचायत सचिवों ने आरोप लगाया है कि शासन सिर्फ और सिर्फ समिति बनाकर सचिवों को गुमराह किया जा रहा है। पंचायत सचिवों ने बताया कि पिछले 30 वर्षों से सरकार द्वारा गठित समिति को वे देखते आ रहे है परंतु इस बार पंचायत सचिव सरकार के समिति गठन के झांसे में नहीं आने वाले है। उन्होने स्पष्ट किया गया इस बार पंचायत सचिव शासकीयकरण की अपनी मांग पूरी होने के बाद अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त करेंगे।



### ग्राम पंचायत के कामकाजों में पड़ेगा विपरीत असर

यहां बताना लाजिमी होगा कि ग्राम पंचायत सचिवों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से पंचायत के कई कार्यो पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। जिसमें मुख्य रूप से इन दिनो ग्राम पंचायतों में चल रहे प्रधान मंत्री आवास, मनरेगा योजना सहित अन्य कार्यो में इसका प्रभाव पड़ रहा है। इसके अलावा ग्रामीण स्तर पर शासन द्वारा संचालित कई जनकल्याणकारी योजनाएं भी प्रभावित होते दिख रही है। बताया तो ये भी जा रहा है पंचायत सविचों की अनश्चितकालीन हड़ताल के चलते अभी तक जिले की कई पंचायतों के नवनिर्वाचित सरपंचों को प्रभार भी नहीं मिल पाया है। ऐसे में देखते वाली बात होगी की शासन स्तर पर पंचायत सचिवों की अनिश्चित हड़ताल को समाप्त कराने कैसे और कब तक प्रयास किए जाते हैं।



# किसानों व ग्रामीणों ने विधायक को याद दिलाया सुतियापाट का चुनावी मुद्दा

- भाजपा सरकार बनने के करीब डेढ़ साल बाद भी सुतियापाट नहर विस्तारीकरण की स्थिति जस की तस

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के विधानसभा पंडरिया अंतर्गत 26 ग्रामों के किसानो और हजारों ग्रामीणों की पेयजल तथा सिंचाई सुविधा से जुड़े बेहद अहम, सुतियापाठ नहर नाली विस्तारीकरण के मुद्दे को विधानसभा चुनाव में उठाकर तथा उन्हें भाजपा की सरकार बनते ही कार्य पूर्ण कराए जाने का भरोसा दिलाकर भाजपा ने विधानसभा का चुनावीरण तो फतह कर लिया और प्रदेश में भाजपा की सरकार भी बन गई लेकिन क्षेत्रीय किसानो की माने तो भाजपा सरकार बनने के करीब डेढ़ वर्ष बाद भी सुतियापाठ नहर नाली विस्तारीकरण का कार्य एक कदम भी आगे नहीं बढ़ पाया है। जो हालात कांग्रेस शासनकाल में थे वहीं हालात और स्थिति आज डेढ़ वर्ष के भाजपा शासनकाल में बनी हुई है। जिसे लेकर क्षेत्रीय किसानो और ग्रामीणों में भारी नाराजगी व असंतोष देखा जा रहा है। बताया जाता है कि इसी सिलसिले में बीते रविवार को क्षेत्रीय किसानो तथा ग्रामीणों ने भारतीय किसान संघ के बैनर तले क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा से उनके रणवीरपुर स्थित विधायक कार्यालय में मुलाकात की और उनके समक्ष कई सवाल दागे। भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों व ग्रामीणों ने विधायक श्रीमती बोहरा से सुतियापाट नहर नाली विस्तारीकरण को लेकर चर्चा करते हुए कहा कि सुतियापाट नहर नाली विस्तारीकरण को लेकर 26 गांव के किसानों द्वारा वर्षों से आंदोलन, धरना प्रदर्शन, चक्काजाम, पैदल यात्रा एवं जल सत्याग्रह जैसे कठोर आंदोलन किया जा चुका है लेकिन किसानो की मांग अब तक जस की तस है। संघ ने विधायक को याद कराते हुए बताया कि 6 माह पूर्व भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधि मंडल ने आपसे मुलाकात कर इस विषय में चर्चा की थी तब आपने संबंधित विभाग के अधिकारियों से बात करने का आश्वासन दिया था। किसान संघ ने यह भी कहा कि आपने चुनावी वर्ष में सुतियापाट को चुनावी मुद्दा बनाकर तत्काल काम को करने का वादा किया था लेकिन आज तक सुतियापाट नहर नाली का कोई कार्य आगे नहीं बढ़ा है, स्थिति जस के तस बनी हुई है। भारतीय किसान संघ ने विधायक को जानकारी दी कि उन्होने इस संबंध में सिंचाई विभाग के कार्यपालन अभियंता से भी चर्चा की है लेकिन उनका साफ कहना है कि इस मद में अभी तक कोई राशि स्वीकृत ही नहीं हुई है जिसके लिए नया डीपीआर तैयार किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि सुतियापाट नहर नाली का विस्तारीकरण नहीं होने के कारण क्षेत्र के26 गांव के किसानों को पेयजल की समस्या हो रही है तथा जलस्तर भी नीचे गिर चुका है। इसके अलावा किसानो रबि फसलों की सिंचाई में भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भारतीय किसान संघ व क्षेत्र ग्रामीणों ने शासन, प्रशासन तथा क्षेत्रीय विधायक से इस कार्य को प्राथमिकता के साथ तत्काल पूर्ण कराए जाने की मांग की है।

### किसानो से जुड़े कई मुद्दों पर विधायक से चर्चा

भारतीय किसान संघ तहसील ईकाई स/लोहारा के प्रतिनिधि मंडल ने विधायक भावना बोहरा से मुलाकात के दौरान सुतियापाठ नहर नाली विस्तारी के अलावा नवीन सोसायटी विसंगति एवं पुनर्गठन, क्षेत्र में लगातार बढ़ रही बिजली की समस्या, क्षेत्र की सोसायटियों में खाद भण्डारण, विकासखण्ड स. लोहारा क्षेत्र में नवीन शक्कर कारखाना स्थापना सहित किसानो व ग्रामीणों से जुड़े अन्य विषयों पर भी चर्चा की। इस अवसर पर मुख्य रूप से राधेलाल मेंरावी, टहल साहू,परस वर्मा, जगन्नाथ साहू, जयसिंह राजपूत, रूप सिंह वर्मा, धनपत साहू, द्रोपती वर्मा, दशरथ वर्मा, नुनाराम साहू, फुलेश्वर राजपूत, गोपी साहू, सहदेव साहू, धन्नु मेंरावी, बदरू पटेल, गजराज वर्मा, परेटन साहू, तहसील मंत्री विजय साहू आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### किसानो को अब मिलेगा 5 लाख का कृषि ऋण

**कवर्धा।** केन्द्र सरकार ने किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के लिए राशि बढ़ा दी है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व में किसानों को अधिकतम 3 लाख रुपए कृषि ऋण के रूप में दिए जाते थे। लेकिन अब सरकार ने किसानो के हित में बड़ा निर्णय लेते हुए केसीसी की राशि बढ़ाकर 5 लाख रुपए कर दी है। इससे पात्र किसानों को लाभ मिलेगा। कबीरधाम जिले में अधिकांश किसान केसीसी लोन लेकर कृषि कार्य करते है। ऐसे में माना जा रहा है कि किसानों को इससे कृषि कार्य के लिए आर्थिक रूप से अधिक फायदा मिलेगा।

# सालों की मांग के बाद भी नहीं बन पाई ग्राम भटरूसे से पथरी तक लगभग डेढ़ किलो मीटर की सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव



जिले के विकासखण्ड पंडरिया क्षेत्र के ग्रामीणों ने ग्राम भटरूसे से ग्राम पथरी तक लगभग डेढ़ किलो मीटर की पक्की सड़क की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि यह करीब डेढ़ किलो मीटर मार्ग कच्चा है।

जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानियों को सामना करना पड़ता है। खासकर बारिश के दिनो में यह कच्चा रास्ता पूरी तरह से खस्ताहाल और कीचड़ से पट जाता है। जिसके कारण लोगों को आने जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के दिनो में इस मार्ग में पैदल चलने में तो मुस्किल होती ही है साथ ही कीचड़ के कारण दोपहिया वाहनो से सफर करना भी टेढ़ीखीर साबित होता है। उन्होने बताया कि इस महज डेढ़ किलो मीटर के निर्माण की मांग वे पूर्व में भाजपा शासनकाल से करते आ रहे हैं। लेकिन इस दौरान क्षेत्रवासियों की इस मांग पर न तो भाजपा सरकार ने कोई ध्यान दिया और न ही कांग्रेस शासन काल में मांग को पूरा किया गया। अब पुनः प्रदेश व क्षेत्र में भाजपा की सरकार है।

लेकिन डेढ़ वर्ष बीतने के बाद भी इस मार्ग का निर्माण नहीं कराया गया है। जबकि इस संबंध में वे कई बार क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से अर्जी विनती कर चुके हैं। लेकिन उनके द्वारा इस दिशा में कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। ग्रामीणों पुनः अपनी मांग दोहराते हुए शासन, प्रशासन तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से वर्षाकाल प्रारंभ होने के पूर्व ग्राम भटरूसे से ग्राम पथरी तक लगभग डेढ़ किलो मीटर पक्की सड़क की मांग की है।

# कुकरापानी के ग्रामीण नाले के पानी से कर रहे गुजारा

## गांव के तीन हैण्डपंप 6 माह से बंद पड़े



- पीएचई विभाग की नलजल योजना आधी अधूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा/बोड़ला

बोड़ला विकासखंड के पहाड़ी इलाकों के बीच बसा ग्राम पंचायत कुकरापानी इन दिनों गंभीर जल संकट की चपेट में है। बताया जाता है कि इस गांव के तीन हैंडपंप बीते छह महीने से खराब पड़े हैं, जिससे ग्रामीणों के सामने पीने के पानी का संकट खड़ा हो गया है।

मजबूरीवश ग्रामीण आज भी नाले के गंदे और अस्वच्छ जल को पीने को विवश हैं, जिससे बीमारियों का खतरा दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि बिगड़े हैण्ड पंपों की जानकारी पीएचई विभाग को दिए जाने के बाद भी न तो उसके हैण्डपंपों को सुधारा जा रहा है और न ही इन ग्रामीणों के लिए स्वच्छ साफ पेयजल की कोई व्यवस्था ही की जा रही है। इस संबंध में स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम कुकरापानी में जल जीवन मिशन योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने और नल कनेक्शन देने का कार्य शुरू हुआ है, लेकिन आज तक यह पूरी तरह से चालू नहीं हो पाया है। एक ओर सरकार हर घर जल का सपना दिखा रही है, वहीं दूसरी ओर जमीनी हकीकत यह है कि ग्रामीण बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि छह महीने से हैंडपंप बंद हैं, समस्याओं को जनप्रतिनियों को अवगत करा जा चुका है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। अब गर्मी में हालात और बिगड़ गए हैं। महिलाएं और बच्चे सुबह-सुबह पानी की तलाश में निकलते हैं और नाले से पानी भरकर लाते हैं।

### दूषित पानी का उपयोग करने ग्रामीण मजबूर

ग्रामीणों ने बताया कि हैण्ड पंप खराब होने के बाद से ही वे नाले के पानी पर आश्रित हैं जो पीने योग्य तो दूर निस्तारी के लायक भी नहीं है। लेकिन यह सब जानते हुए भी ग्रामीणों को मजबूरन इस दूषित पानी का उपयोग करना पड़ रहा है। उन्होने इस बात की भी जानकारी दी की नाले का पानी पीने के कारण बच्चों और बुजुर्गों में पेट दर्द, दस्त और त्वचा संबंधी बीमारियां बढ़ सकती हैं। इस गंभीर समस्या को देखते हुए स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन, संबंधित विभाग तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से पेयजल की उचित व्यवस्था कराए जाने की मांग की है।

### शिकायत के बाद भी नहीं की जा रही कार्यवाही

यहां बताना लाजिमी होगा कि ग्रीष्म ऋतु प्रारंभ होने के साथ ही जिला प्रशासन द्वारा पेयजल समस्या के समाधान के नाम पर आम लोगों के लिए एक टोल फ्री नम्बर जारी किया है लेकिन यह नम्बर सिर्फ एक औपचारिकता से ज्यादा कुछ नहीं है। ग्राम कुकरापानी के ग्रामीणों ने बताया कि वे कई बार पंचायत और जनपद अधिकारियों को अपनी इस पेयजल संबंधी समस्या से अवगत करा चुके हैं, लेकिन किसी भी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। लोगों की मांग है कि बंद हैंडपंपों की तत्काल मरम्मत की जाए और जल जीवन मिशन योजना को प्राथमिकता देकर जल्द से जल्द पूरा किया जाए। ग्रामीणों ने इस भारी अव्यवस्था और उपेक्षा पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि चुनाव के समय नेता गांव-गांव आकर वादे करते हैं, लेकिन चुनाव जीतने के बाद कोई झांकने तक नहीं आता। हम भी इस देश के नागरिक हैं, क्या हमें साफ पानी पीने का हक नहीं?

# जिला कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने डॉ. भीमराव आंबेडकर को दी पुष्पांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



14 अप्रैल 2025 को भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 134 वीं जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस के तत्वाधान में पार्टी कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया एवं अंबेडकर चौक में पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर भारत के संविधान निर्माता, सामाजिक न्याय के प्रतीक और दलितों, वंचितों एवं शोषित वर्गों के अधिकारों के अडिग सेनानी थे। कांग्रेस पार्टी हमेशा से डॉ. अम्बेडकर के विचारों और मूल्यों को सर्वोपरि मानती आई है। उन्होंने जिस समतामूलक, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक भारत की परिकल्पना की थी, वही कांग्रेस का मार्गदर्शक सिद्धांत भी है। इस अवसर में लालजी चन्द्रवंशी, अशोक सिंह, गोपाल चंद्रवंशी, आकाश केशरवानी, संतोष यादव, वीरेंद्र जांगड़े, मणिकांत त्रिपाठी, अजहर खान, जलेश्वर यादव, सुरेश वर्मा, रामायण सिन्हा, दीपक ठाकुर, जयंत जायसवाल ने भी डॉ. अंबेडकर के विचारों को आत्मसात करने और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जिला कांग्रेस कमेटी के सदस्य व पदाधिकारी उपस्थित थे।

### ब्लाक कांग्रेस कमेटी स.लोहारा ने मनाई आंबेडकर जयंती



**कवर्धा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ व जिला कांग्रेस कमेटी कवर्धा के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी स.लोहारा के नेतृत्व में भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर को उनकी जयंती पर सादर नमन कर उनके उपलब्धियों को याद किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में ब्लाक कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने डॉ भीमराव अम्बेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व कवर्धा मण्डी उपाध्यक्ष चोवाराम साहू ने कहा कि देश के लोकतंत्र को मज़बूत करने के लिए, हर भारतीय के समान अधिकारों के लिए, हर वर्ग की हिस्सेदारी के लिए बाबा साहेब का संघर्ष और योगदान, संविधान की रक्षा की लड़ाई में हमेशा हमारा मार्गदर्शन करता रहेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्लॉक अध्यक्ष रामचरण पटेल, भगवान सिंह पटेल, चोवाराम साहू, धन्ना नागराज, शरद बंगाली, भारत वर्मा, अंजू पटेल, शंभू पटेल, सुरेश पटेल, महाजन वर्मा सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सांसद साहू कबीरधाम जिले के हिमालय वुड बैज विशेष डिग्रीधारी रोवर रेंजर हुए शामिल

# स्काउटिंग अनुशासन हमें कर्तव्य करना सिखाता है: तोखन साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स बच्चों को सुनागरिक बनाने के साथ उन्हें आत्मविश्वास, आत्मरक्षा, स्वालंबन और देश, समाज सेवा के साथ स्काउटिंग अनुशासन से अपना कर्तव्य करना भी सिखाता है।

उक्त बातें छत्तीसगढ़ भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा राज्य स्तर पर आयोजित हिमालय वुड बैज एक दिवसीय कार्यशाला के शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने व्यक्त की। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव ने बताया कि छत्तीसगढ़ की स्काउटिंग गतिविधियां विभिन्न कार्यक्रम और शिवरों के माध्यम से गतिशील है, चाहे प्रशिक्षण शिविर हो, हाइक हो, एडवेंचर कैंप हो या राज्यपाल अवार्ड हो। जिला स्तर से राज्य स्तर तक और राष्ट्रीय स्तर पर भी छत्तीसगढ़ की स्काउटिंग गतिविधियों को बढ़ावा मिला है और बच्चे बढ़ चढ़ कर सहभागी होकर अवार्ड प्राप्त कर रहे हैं। जिला से हिमालय वुड बैज विशेष डिग्रीधारी अजय चन्द्रवंशी (रोवर विंग), ईशाक मोहम्मद खान (स्काउट विंग), विजय कुमार साहू (रोवर विंग), परमेश्वरी साहू (रेंजर विंग) शामिल हुई। इस कार्यशाला में ऑनलाइन पंजीयन, प्रगतिपथ, स्काउटिंग में होने वाले नई शिक्षा नीति के तहत विषय, राज्य पुरस्कार की तकनीकी जानकारी, स्काउटर-गाइडर विकासात्मक जानकारी, आगामी दिनों में होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी, जिला स्तर पर की समस्याओं को राज्य कार्यकारिणी में रखना आदि विषय पर चर्चा हुई। छत्तीसगढ़ राज्य के 32 जिला से 200 प्रमुख डिग्रीधारी हिमालय वुड बैज स्काउटर-गाइडर, प्रशिक्षक बिलासपुर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित इस एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए हैं। कार्यक्रम का संचालन राज्य प्रशिक्षण आयुक्त शैलेन्द्र मिश्रा और राज्य संगठन आयुक्त विजय यादव ने किया वही आभार प्रदर्शन राज्य सचिव कैलाश सोनी ने किया।